हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक )



अनुष्का सेन ने स्टाइलिश गाउन पहन इंटरनेट पर बरपाया कहर एक्ट्रेस की कातिलाना...



www.naisochlive.com | पटना, बुधवार, 04 दिसंबर 2024, वर्ष- 07, अंक- 280, पृष्ठ-8, मूल्य - 3:00 | naisochexpreess@gmail.com

## आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी



**एजेंसी, आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है। अभी तक किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ई-मेल किसने और कहां से भेजा इस बात का पता लगाया जा रहा है। ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र-नागरिक प्रथम है : मोदी

एजेंसी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता का मूल मंत्र-नागरिक प्रथम है। उन्होंने कहा कि ये कानून नागरिक अधिकारों के संरक्षक और न्याय में आसानी का आधार बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में देश विकसित भारत का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहा है, जब संविधान के 75 वर्ष हुए हैं, तब संविधान की भावना से प्रेरित 'भारतीय न्याय संहिता' के प्रभाव का प्रारंभ होना, बहुत बड़ी बात है। देश के नागरिकों के लिए हमारे संविधान ने जिन आदर्शों की कल्पना की थी, उन्हें पूरा करने की दिशा में ये ठोस प्रयास है। मोदी ने सभी देशवासियों को भारतीय न्याय



संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के लागू होने की शुभकामनाएं दी और चंडीगढ़ प्रशासन से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आजादी के सात दशकों में न्याय व्यवस्था के सामने जो चुनौतियां आईं, उन पर गहन मंथन किया गया। हर कानून का व्यवहारिक पक्ष देखा गया, भविष्य के मापदंड पर उसे कसा गया, तब भारतीय न्याय संहिता इस स्वरूप में हमारे सामने आई है। मैं इसके लिए सुप्रीम कोर्ट का, न्यायाधीशों का, देश की सभी हाई कोर्ट का विशेष आभार व्यक्त करता हूं। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि आज देश की आपराधिक प्रणाली के लिए एक स्वर्णिम अवसर है। आज का दिन हमारी आपराधिक प्रणाली में स्वर्णाक्षरों में दर्ज किया जाएगा। आज भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को पूर्णतयः क्रियान्वित करने वाला पहला यूनिट हमारा चंडीगढ़ बनने जा रहा है। उन्होंने इसके लिए चंडीगढ़ को बधाई दी। शाह ने कहा कि इससे पहले जो कानून थे, वो 160 साल पहले अंग्रेजों द्वारा बनाए गए थे और नागरिकों की जगह अंग्रेजों के शासन की सुरक्षा के लिए बनाए गए थे। मोदी द्वारा ये जो कानून लाए गए हैं, ये भारतीयों द्वारा देश की संसद में और भारतीयों को न्याय व सुरक्षा दिलाने के लिए बनाए गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सरकार के सभी विभागों से एक आग्रह किया कि हमारे प्रशासन से गुलामी के सभी चिह्नों को समाप्त कर नए भारत की सोच को प्रत्यापित करना चाहिए।

## राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, मुख्यमंत्री डरा-डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे

एजेंसी, नागपुर

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है। मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी



होता है क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका। भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है। खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी।

## उधमपुर में आतंकियों की मदद के आरोप में दो महिलाएं हिरासत में



**एजेंसी, जम्मू।** पुलिस ने जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत दो महिला ओवरग्राउंड वर्कर (आतंकियों की सहयोगी) को हिरासत में लिया है। पुलिस अधिकारी के अनुसार दोनों महिलाओं को आतंकवादियों का सहयोग करने के आरोप में सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) के तहत हिरासत में लिया गया है। दोनों की पहचान मरियमा बेगम निवासी लौधरा, बसंतगढ़ और अरशद बेगम निवासी राय चक, बसंतगढ़ उधमपुर के रूप में हुई है। इन दोनों की गतिविधियां राज्य की सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा माना गया था। यह दोनों आतंकवादी समूहों को रसद सहायता पहुंचाने और आतंकवादी संगठनों के लिए मार्गदर्शक और उन्हें सुविधाएं उपलब्ध कराने में शामिल पायी गई थीं। उनकी गतिविधियों ने सार्वजनिक सुरक्षा और शांति के लिए एक गंभीर खतरा पैदा किया कर दिया था।

## ईडी का शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को पोर्नोग्राफी केस में दूसरा समन

एजेंसी, मुंबई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पोर्नोग्राफी केस में फिल्म अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर चार दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। ईडी ने सोमवार को भी कुंद्रा को समन जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था। मगर वह नहीं पहुंचे। कुंद्रा ने अपने वकील के माध्यम से ईडी से कुछ दिनों की मोहलत मांगी थी। ईडी ने सोमवार रात कुंद्रा को दूसरा समन जारी कर पूछताछ के चार दिसंबर को उपस्थित रहने को कहा है। इस केस में ईडी का राज कुंद्रा के मुंबई के सांताक्रूज स्थित आवास पर छापा पड़ चुका है। ईडी ने कुंद्रा से जुड़े लोगों के करीब 15 ठिकानों पर भी छापा मारा था। अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति



राज कुंद्रा पर अश्लील सामग्री तैयार कर उसे मोबाइल ऐप्स के माध्यम से वितरित करने का आरोप है। इस मामले में उन पर वित्तीय हेराफेरी का भी आरोप है। उल्लेखनीय है कि 2021 में चार फरवरी को मुंबई पुलिस ने मालाड के मालवणी स्थित एक बंगले पर छापा मारा था। आरोप था कि इस बंगले में अश्लील फिल्मों की शूटिंग की जा रही थी और लड़कियों पर इसके लिए दबाव डाला गया।

# यूपी कालेज में छात्रों ने मजार के सामने किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

### पुलिस अधिकारियों के समझाने पर भी नही माने छात्र,वक्फ बोर्ड के खिलाफ जमकर की नारेबाजी

एजेंसी, वाराणसी

उदय प्रताप महाविद्यालय (यूपी कालेज) में मंगलवार को पुलिस की नाकाबंदी के बीच छात्रों ने परिसर स्थित मजार के सामने की सड़क पर बैठकर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया और जयश्री राम के गगनभेदी नारे भी लगाए। सुन्नी वक्फ बोर्ड के दावे के विरोध में लामबंद छात्रों ने बीते सोमवार को प्रतीक रूप



से पुतला फूंक परिसर स्थित मजार के सामने सामूहिक हनुमान चालीसा के पाठ का ऐलान किया था। छात्रों के ऐलान को देखते हुए परिसर के मुख्य गेट से मजार तक सुबह से ही पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई। छात्रों को जुटता देख पुलिस अफसर भी मौके पर पहुंचे थे। मौके पर मौजूद अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा छात्र नेताओं से संवाद कर उन्हें समझाते रहे। इस दौरान छात्रों का हुजूम भी वहां पहुंचता रहा। छात्रों ने पुलिस अफसरों की बातों को न मानकर वहीं जमीन पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ करना शुरू कर दिया। पाठ के बाद कालेज की जमीन पर दावा करने वाले वक्फ बोर्ड के खिलाफ छात्रों ने जमकर नारेबाजी की। छात्रों के उग्र तेवर देख अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) डॉ. एस चनप्पा और डीसीपी वरूणाजोन चंद्रकांत मीणा छात्रों को समझाने में लगे रहे। छात्र इस दौरान कालेज के गेट के पास लगाए गए बैरिकेडिंग को हटाने की बात करते रहे। इस संबंध में डीसीपी वरूणाजोन ने मीडिया कर्मियों को बताया कि यूपी कालेज में इन दिनों परीक्षा चल रही है। कालेज प्रशासन की ओर से पुलिस को एक पत्र मिला है कि कुछ बाहरी तत्व यहां के छात्रों को परेशान करते है।

## पश्चिम बंगाल में आठ और देशभर में 28 निजी मेडिकल कॉलेजों पर ईडी का छापा

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के आठ गैर सरकारी मेडिकल कॉलेजों और देशभर में कुल 28 मेडिकल कॉलेजों में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज सुबह छापा मारा है। इस कार्रवाई के दौरान मेडिकल कॉलेज मालिकों के घरों और संस्थानों को खंगाला जा रहा है। ईडी सूत्रों के अनुसार, पूर्व माकपा सांसद लक्ष्मण सेठ के हल्दिया स्थित घर और उनकी स्वयंसेवी संस्था द्वारा संचालित मेडिकल और डेंटल कॉलेज में कार्रवाई चल रही। इसके साथ ही बर्धमान, बीरभूम और कोलकाता के तारातला इलाके के मेडिकल कॉलेजों में भी तलाशी अभियान जारी है। यह कार्रवाई एनआरआई कोटा से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में की जा रही है।

# मंईयां सम्मान के तहत 2,500 रुपये महिलाओं के खाते में 11 को भेज दी जाएगी: झामुमो

एजेंसी। रांची

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 11 दिसंबर को मंईयां सम्मान योजना की राशि 2,500 रुपये महिलाओं के खाते में भेज दी जायेगी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम के बाद भाजपा को झटका लगा है। इस विधानसभा चुनाव में 28 रिजर्व सीटों में 27 हम जीते हैं, जो एक सीट बची है, उसमें भी बहुत कम अंतर है। इसके बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी थोड़े सक्रिय हो गए हैं। भट्टाचार्य मंगलवार को पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी ने सरकार को आदिम जनजाति को



लेकर सुझाव दिये हैं। इस सुझाव में खास तौर पर पहाड़िया जनजाति को लेकर चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि ओडिशा और छत्तीसगढ़ में भाजपा के ट्राइबल मुख्यमंत्री हैं और वहां 15 ट्राइबल आदिम जनजाति के तौर पर चिन्हित किये गये हैं। भट्टाचार्य ने बाबूलाल से निवेदन करते हुए कहा कि आप छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और ओडिशा का दौरा करें। साथ कहा कि मरांडी इन राज्यों की स्टडी करें, वहां के आदिम जनजातियों की स्थिति और आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक हालत क्या हैं, ये देखने का काम करें। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को सचेत करते हुए कहा कि आप बाहर के नेताओं के चक्कर में न पड़ें। साथ ही सवाल किया, आपने क्या कभी असम के चाय बगान में काम करने वाले ट्री ट्राइब्स की चर्चा की। भट्टाचार्य ने कहा, आपको ये सवाल असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा से करनी चाहिए। शिवराज सिंह चौहान से करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के आदिवासी मूलवासी लोगों ने हमें जो आशीर्वाद दिया, उन्हीं के बेटे को भाजपा के तमाम नेता अपदस्थ करने के लिए बाहर से आए थे लेकिन झारखंड की जनता ने उनको नकार दिया।

## जम्मू-कश्मीरः दाचीगाम जंगल में सुरक्षा बलों ने आतंकी को किया ढेर

एजेंसी, जम्मू

आतंकवादियों द्वारा किए गए कई हमलों के बाद हाल के दिनों में सुरक्षाबलों ने आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी अभियान के चलते बीती रात सुरक्षा बलों को दाचीगाम के जंगलों के आतंकी होने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के आधार पर सुरक्षाकर्मियों ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग कर दी। इसके बाद जवानों में भी जवाबी कार्रवाई शुरू की। जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया है। फिलहाल, अभी दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। इससे पहले कश्मीर जोन पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स एक पोस्ट में कहा, विशिष्ट खुफिया इनपुट के आधार पर, सुरक्षाबलों के संयुक्त दलों ने दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में सीएएसओ (घेराबंदी और तलाशी अभियान) शुरू किया है। ऑपरेशन जारी है। बता दें कि 20 अक्टूबर को आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक बुनियादी ढांचा परियोजना कंपनी के श्रमिकों के शिविर पर हमला किया था। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद 24 अक्टूबर को बारामूला जिले के गुलमर्ग के बोटापथरी इलाके में सेना के वाहन पर हमला कर आतंकवादियों ने सेना के तीन जवानों और दो नागरिक कुलियों की हत्या कर दी थी। वहीं, 2 नवंबर को श्रीनगर में पर्यटक स्वागत केंद्र के पास व्यस्त संडे मार्केट में आतंकवादियों ने ग्रेनेड फेंका था। इसमें एक 42 वर्षीय महिला की मौत हो गई थी, जबकि नौ अन्य नागरिक घायल हो गए थे। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने इन दो हमलों के बाद कहा कि इन हमलों में शामिल लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।




## संभल हिंसा के लिए अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर कार्रवाई हो



**एजेंसी, नई दिल्ली ।** लोकसभा में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने शून्य काल के दौरान संभल हिंसा का मुद्दा उठाया। उन्होंने हिंसा के लिए पुलिस और प्रशासन की जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि घटना से जुड़े अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को निलंबित कर उन पर कार्रवाई होनी चाहिए। समाजवादी पार्टी के नेता के बयान के दौरान सत्ता पक्ष की ओर से सांसदों ने विरोध जताया। उनके बयान के बाद कांग्रेस के उज्ज्वल रमण सिंह ने सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से मामले की जांच कराए जाने की मांग की। सपा नेता ने कहा कि संभल में सदियों पुराने आपसी भाईचारे को साजिश के तहत तोड़ने की कोशिश की गई है। अगर इसी तरह से भाजपा और उसके समर्थक लोग जगह-जगह पर खुदाई की मांग करते रहेंगे तो देश आपसी सौहार्द्र और गंगा-जमुनी तहजीब खो देगा। सपा नेता ने घटनाक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों को पुलिस ने भड़काया है, जिसका वीडियो भी सबके सामने हैं। इस हिंसा में पांच मासूमों ने अपनी जान गंवा दी।

# दिव्यांग किसी से कम नहीं: योगी आदित्यनाथ

### मुख्यमंत्री ने 19 महानुभावों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया

एजेंसी, लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 19 महानुभावों को राज्य पुरस्कार से सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 40 दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित किया। कार्यक्रम में 75 से 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले दिव्यांग छात्रों को सम्मानित किया। इसके अलावा 28 युवाओं को कम्प्यूटर प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र दिया गया है। लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग किसी से कम नहीं हैं। हमारे यहां अष्टावक्र व सूरदास जैसी अनेक



विभूतियां रहीं हैं। आज भी राम भद्राचार्य जैसी आध्यात्मिक विभूति मार्गदर्शन कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के अंदर दो दिव्यांग विश्वविद्यालय है। हमारे राज्य के अंदर अलग—अलग क्षेत्रों में कालेज संचालित हैं लेकिन इनकी संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले प्रदेश में सात से 08 लाख दिव्यांगों को ही पेंशन मिलती थी। आधा पैसा बाबू खा जाता था। अब लाभार्थी के खाते में पैसा भेजा जा रहा है। उत्तर प्रदेश में 11 लाख दिव्यांग जन 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष पा रहे हैं। इसके अलावा तमाम प्रकार के कार्यक्रम प्रदेश में संचालित हो रहे हैं। दिव्यांगों को 04 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था भी राष्ट्रीय सेवाओं में की गयी है। दुकान खोलने के लिए भी राशि उपलब्ध करायी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृत्रिम अंग वितरण के भी कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। मूकबधिर बच्चों की सर्जरी के लिए अनुदान की व्यवस्था है। परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा के लिए 40 करोड़ रूपये की व्यवस्था की गयी है। राज्य सरकार आज दो विश्वविद्यालय संचालित कर रही है एक शकुंतला देवी विश्विद्यालय लखनऊ दूसरा राम भद्राचार्य विवि चित्रकूट,इनकी संख्या बढ़ाने की जरूरत है जिससे इनको और बढ़ावा मिले। दिव्यांग जन के लिए 4% राजकीय सेवाओं आरक्षण की भी व्यवस्था की गई है, हमारे यहां दिव्यांग आईएएस भी व्यवस्था में हैं। प्रदेश सरकार दिव्यांग जन के लिए बहुत सारे अन्य कार्य भी हो रहे हैं,कृत्रिम अंग भी वितरित हो रहे है, ट्राईसाईकिल वगैरह सरकारी भवनों में रैंप की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नरेंद्र कश्यप ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीएचओ भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी करनेवालों को नहीं बख्शेगी सरकार : प्रभाकर

» तेजस्वी की हालत 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी'

**पटना।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट किए गए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के बयान पर जोरदार पलटवार किया। कहा कि तेजस्वी यादव के साथ रामचरित मानस की पंक्ति 'जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी' बिल्कुल फिट बैठती है। जिसने भ्रष्टाचार के माहौल में जन्म लिया, भ्रष्टाचारी परिवार में पला-बढ़ा, उसे हर तरफ भ्रष्टाचार ही नजर आएगा। श्री मिश्र ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि बिहार में एनडीए का सुशासन है परीक्षा में गड़बड़ी करनेवालों को सरकार नहीं बख्शेगी। मेधावी विद्यार्थियों को नुक़सान होने नहीं दिया जाएगा। भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी के सबूत मिलने के साथ ही परीक्षा रद्द कर दी गयी, ताकि मेधावी विद्यार्थियों की मेहनत बेकार नहीं जाए। शीघ्र की परीक्षा की नयी तिथि घोषित की जाएगी और सख्ती के साथ कदाचार मुक्त माहौल में परीक्षा ली जाएगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी यादव झूठ बोल कर लोगों का ध्यान 'लैंड फॉर जॉब' स्कैम से भटकना चाहते हैं। लेकिन, तेजस्वी के झूठ बोलने से लोग लैंड फॉर जॉब स्कैम को भूल नहीं जाएंगे। सरकार पर झूठा आरोप लगाने से लालू जी का परिवार लैंड फॉर जॉब स्कैम से बरी नहीं हो जाएगा। सीएचओ परीक्षा में गड़बड़ी करनेवालों को एनडीए सरकार नहीं छोड़नेवाली। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। श्री मिश्र ने कहा कि तेजस्वी को अपने माता-पिता से भी पूछना चाहिए कि उन्होंने अपने शासनकाल में नौकरी देने के एवज में कितनी कमाई की। लालू -राबड़ी के शासनकाल में तो वैकेंसी निकलने के पहले ही सारे पदों की बोली लग जाती थी।

### देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर अधिवक्ता दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन



**पटना।** मंगलवार को देश के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर अधिवक्ता दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन पटना बार एसोसिएशन की ओर से सिविल कोर्ट परिसर स्थित प्रेसिडेंट हाल में अधिवक्ता विजय कुमार की अध्यक्षता में किया गया। संचालन अधिवक्ता राजकुमार प्रसाद ने किया। इस मौके पर अधिवक्ता शंभू प्रसाद,राजनीतिक प्रसाद, गौरीशंकर प्रसाद, प्रेम कुमार वर्मा,प्रमोद कुमार, सुरेश कुमार सिन्हा, अजीत प्रसाद, मोहम्मद अली इमाम, परमानंद प्रसाद, आशुतोष कुमार, ओमप्रकाश श्रीवास्तव, विनोद कुमार गुप्ता, वरुण कुमार, राजकुमार प्रसाद, अनामिका कुमारी, ज्योति गुप्ता, पुष्पा कुमारी, नीलम कुमारी, ललिता कुमारी, अभय किशोर, मनोज कुमार, उमाशंकर, बृज बिहारी प्रसाद सहित अन्य अधिवक्ताओं की उपस्थिति रही।

### राज्यपाल व सीएम ने देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**पटना।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ॰ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयन्ती के अवसर पर राजभवन के सामने राजेन्द्र चैक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चरखा से सूत कात रही स्वदेशी कंबल आश्रम की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया। तत्पश्चात् राज्यपाल ने राजेन्द्र घाट स्थित राजेन्द्र बाबू की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नंद किशोर यादव, अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजेन्द्र बाबू को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सूचना एवं जन-सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती-पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

### तेजस्वी की यात्रा का पहले भी कोई असर नहीं पड़ा था और आगे भी असर नहीं पड़ेगा: उमेश

**पटना।** जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की यात्रा का पहले भी कोई असर नहीं पड़ा था, आगे भी इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। लोकसभा चुनाव में सिर्फ चार सीटों पर सिमटने के बाद विधानसभा उपचुनाव में भी सभी चार सीटों पर चारों खाने चित्त होना इस बात का प्रमाण है कि तेजस्वी यादव की यात्रा पूरी तरह से बेअसर है।उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव की झूठ फैलाओ यात्रा के सहारे राजद अपना चुनावी वैतरणी पार करना चाहती है लेकिन सूबे के मतदाताओं को हकीकत समझ आ गया है। लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में जनता ने एनडीए गठबंधन के पक्ष में स्पष्ट जनादेश देकर यह बता है दिया कि नकारात्मक राजनीति करने वालों को कभी कामयाबी नहीं मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को अगर यात्रा पर जाना ही है तो अपने माता-पिता के कार्यकाल की उपलब्धियों का लेखा-जोखा लेकर जाएं और जनता को अपने 15 सालों का काम भी गिनवाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि नीतीश सरकार में हुए कामों का झूठा श्रेय बिटोरने से उन्हें कोई फायदा नहीं होने वाला है। बिहार की जनता जागरूक हो चुकी है और अब बच्चा-बच्चा भी हरेक सच को समझता है।श्री कुशवाहा ने कहा कि तेजस्वी यादव जिस भी क्षेत्र में यात्रा के लिये जाएंगे वहाँ की चमचमाती सड़के, निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति और निर्भीक होकर साइकिल से स्कूल जाती बेटियाँ नीतीश सरकार के सुशासन का बखान करेगा लेकिन इसके लिए उन्हें पहले राजनीति का चश्मा उतारना होगा।

### औद्योगिक विकास की असीम संभावनाएं हैं बिहार में : राजीव

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। औद्योगिक विकास की गति तेज करने के लिए अनेक बड़े फैसले लिए गए है, जिससे सीमेंट, इथेनॉल, खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, चमडा उद्योग, ऑक्सीजन प्लांट्स समेत अनेक उद्योगों का राज्य में जाल बिछाया जा रहा है जिससे बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल मिल रहा है। उन्होंने विपक्ष विशेषकर राजद द्वारा बार बार बिहार में सुई की फैक्ट्री तक नहीं लगने के दावे को खारिज करते हुए कहा कि श्री तेजस्वी यादव 1990 से 2005 तक के श्री लालू प्रसाद के कार्यकाल में कितने उद्योग लगे का खुलासा करें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग, अति पिछड़े अल्पसंख्यक एवं युवाओं के लिए अनेक उद्यमी योजनाएं संचालित की हैं, जिसके माध्यम से प्रदेश में रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए जा रहे हैं। बिहार स्टार्टअप नीति 2022 के माध्यम से 2017 से चल रही स्टार्टअप नीति में अनेक परिवर्तन कर युवाओं को वित्तीय सहायता, इनक्यूबेशन सेंटर्स, फंडिंग, प्रचार प्रसार एवं प्रमाणीकरण का लाभ देकर उद्योगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। श्री प्रसाद ने कहा कि इथेनॉल उत्पादन के लिए इथेनॉल उत्पादन प्रोत्साहन नीति 2021 निर्धारित की गई है जिससे पूरे राज्य में इथेनॉल उत्पादन की नौ इकाइयों को प्रोत्साहन मिल रहा है। जाति आधारित गणना के आधार पर 94 लाख परिवारों के एक एक सदस्य को लघु उद्यमी योजना के माध्यम से रोजगार के साधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना के अंतर्गत आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन है एवं चयन प्रक्रिया कंप्यूटरीकृत रेंडमाइजेशन पद्धति से किया जाएगा । इसमें हर वर्ग के लिए समानुपातिक आधार पर चयन किया जाएगा । इस योजना के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को तीन किश्तों में दो लाख रुपये तक की अधिकतम राशि दी जायेगी ।

# नीतीश कैबिनेट में 33 एजेंडों पर लगी मुहर, विशेष सर्वेक्षण बंदोबस्त नियमावली को मंजूरी

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को बिहार कैबिनेट की बैठक हुई. मुख्य सचिवालय के मंत्रिमंडल कक्ष में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में कुल 33 प्रस्ताव पारित हुए. बिहार विशेष सर्वेक्षण बंदोबस्त नियमावली को जहां मंजूरी मिली, वहीं मंत्री आवास परिसर गर्दनीबाग पटना के निर्माण के लिए 78 करोड़ 28 लाख 59300 को स्वीकृति दी गई है. उधर, अरवल मंडल कारा के निर्माण के लिए 38 करोड़ 31 लाख 21 हजार रुपये की राशि को स्वीकृति दी गई है. राज्य कैबिनेट से सहरसा जिला अंतर्गत मत्स्यगंधा झील और उसके पास पर्यटकीय सुविधाओं के विकास के लिए 98 करोड़ 65 लाख 79 हजार 300 रुपये की स्वीकृति मिली है. वहीं, कैमूर जिला अंतर्गत करमचट ईको टूरिज्म एंड एडवेंचर हब के विकास के लिए 49 करोड़ 73 लाख 33 हजार 440 रुपये की राशि को मंजूरी मिली है.सुपर पटना के कंकड़बाग में शंकर आई फाऊंडेशन इंडिया अति विशिष्ट नेट अस्पताल का निर्माण करेगा. कैबिनेट में बिहार राज्य आवास बोर्ड के 1.60 एकड़ भूमि स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरण किया गया. इसके लिए 48 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हुई है. 99 वर्ष के लीज पर यह जमीन शंकर आई फाऊंडेशन इंडिया कोयंबटूर को देने का फैसला लिया गया है.वित्तीय वर्ष 2024 25 में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पर नियोजित कर्मियों के मानदेय भुगतान के लिए केंद्रांश मद में प्राप्त कम राशि 139 करोड़ रुपये की राज्य संसाधन द्वारा पूर्ति किये जाने की स्वीकृति मिली है. स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत 5635 ग्राम पंचायत में ठोस एवं सरल अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित गतिविधियों के सफलतापूर्वक परिचालन के लिए 1 साल के लिए राज्य योजना से 354.8 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है. स्वास्थ्य विभाग बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली 2019 को निरस्त करते हुए बिहार परिचारिका संवर्ग नियमावली 2024 को स्वीकृति दी गई है. राज्य के सभी राजकीय आयुर्वेदिक होम्योपैथिक यूनानी चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के रोगियों के उपचार के दौरान शुद्ध एवं पोषक भोजन की व्यवस्था के लिए दीदी की रसोई की स्वीकृति मिली है।

## बिहार के शिक्षा विभाग ने 2025 के लिए जारी किया छुट्टियों का कैलेंडर, पलटा गया के के पाठक का आदेश




नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बिहार के शिक्षा विभाग ने आगामी वर्ष 2025 के लिए छुट्टियों का कैलेंडर जारी किया है। इस कैलेंडर में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, जिनमें पूर्व ACS के के पाठक द्वारा जारी किए गए आदेशों को एक बार फिर पलटा गया है।नए कैलेंडर में महापुरुषों की जयंती के मौके पर स्कूलों को पूरी तरह से बंद रखने का आदेश दिया गया है, जिससे बच्चों को राष्ट्रीय और ऐतिहासिक महत्व की तारीखों पर छुट्टियां मिलेंगी। इसके अलावा, विंटर वेकेशन को भी कैलेंडर में जगह दी गई है। 2025 में 25 दिसंबर से 31 दिसंबर तक स्कूल बंद रहेंगे. गर्मी की छुट्टियां (समर वेकेशन) 2 जून से 21 जून तक होंगी. इसी तरह, रक्षाबंधन के दिन भी स्कूलों में अवकाश रहेगा। कुल मिलाकर, 2025 में बिहार में छात्रों को कुल 72 दिन की छुट्टियां मिलेंगी, जो पिछले सालों के मुकाबले अधिक हैं। यह कैलेंडर छात्रों और शिक्षकों दोनों के लिए राहत की बात साबित होगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का मनाया गया जन्मदिन

नई सोच एक्सप्रेस



» भाजपा प्रदेश कार्यालय में केक काटकर मनाया गया प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल का जन्मदिन, बांटी गई मिठाई
» लोगों ने की प्रदेश अध्यक्ष के शतायु और स्वस्थ होने की कामना

**पटना।** बिहार भाजपा अध्यक्ष सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल का जन्मदिन आज कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय में केक काटा गया और मिठाईयां बांटी गई। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज अध्यक्ष डॉ. जायसवाल का 61 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रदेश कार्यालय के सामने कार्यकर्ताओं द्वारा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल को जन्मदिन की बधाई देने वाले बड़े बड़े पोस्टर लगाए गए। इसके बाद प्रदेश कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस मौके पर अध्यक्ष डॉ. जायसवाल के लंबी उम्र और ताउम्र स्वस्थ होने की कामना की। कार्यकर्ताओं ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष का आज जन्मदिन है। इस खुशी के मौके पर हम सभी कार्यकर्ता एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी मना रहे हैं। इस मौके पर राधामोहन शर्मा, सुरेंद्र तिवारी, प्रेम रंजन पटेल, सुरेश रूंगटा, मृत्युंजय झा, ज्ञान ओझा, राजीव रंजन, दिलीप मिश्रा, विनोद शर्मा, योगेंद्र कुमार, शशिकांत ओझा सहित प्रदेश के कई पदाधिकारी, महिला मोर्चा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राज्यपाल ने दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण एवं तिपहिया साईकिल का वितरण किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल-सह-रिसर्च सेन्टर, पटना में दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण एवं तिपहिया साईकिल का वितरण किया। उन्होंने दिव्यांगों की सक्षमता प्रदर्शन मोटर साईकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस अस्पताल द्वारा विकलांगों के लिए किया जाने वाला कार्य अतुलनीय है। सामाजिक कार्यों में जैसे-जैसे हम आगे बढ़ते जाते हैं, लोगों का सहयोग भी मिलता जाता है। हमारे इन नेक कार्यों का संज्ञान कोई ले या न लें, परन्तु ईश्वर की दृष्टि इनपर जरूर रहती है। भगवद्कृपा से ही ऐसे कार्य करने की प्रेरणा और शक्ति मिलती है। अपना तन-मन और धन लगाकर समाज के लिए निःशुल्क सेवा का यह कार्य अत्यन्त सराहनीय है। राज्यपाल ने कहा कि समाज में विकलांगता को कम करने के लिए लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। दिव्यांगों को उनके अभिभावकों से मिलकर इलाज हेतु अस्पताल लाया जाना चाहिए। राज्यपाल ने भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल-सह- रिसर्च सेन्टर की गतिविधियों को देखा तथा वहाँ आर्टिफिशियल लिम्ब बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी का सहयोग भी प्राप्त कर सकता है। कार्यक्रम को सुप्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री बिमल जैन एवं डॉ एसएस झा ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर भारत विकास एवं संजय आनंद विकलांग अस्पताल-सह-रिसर्च सेन्टर, पटना के अध्यक्ष श्री देशबंधु गुप्ता, संस्थान के प्रबंध न्यासी श्री विवेक माथुर, चिकित्सकगण, चिकित्साकर्मीगण, दिव्यांगजन एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ही संविधान तैयार किया गया : डॉ. प्रेम कुमार

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** राजेन्द्र प्रसाद सामाजिक संस्थान, बिहार प्रदेश के तत्वावधान में डॉ राजेन्द्र प्रसाद समाधि स्थल, बांस घाट पटना में डॉ राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती समारोह सह अंतर विद्यालय निबंध एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 187 विद्यालयों के 6527 बच्चों ने भाग लिया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सहकारिता, वन, पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार एवं संस्था अध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सहकारिता, वन, पर्यावरण मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अपनी मेधा शक्ति के बदौलत ही संविधान निमार्ता डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद को लोग जानने लगे थे। उन्होने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद के आदर्शों को अपनाकर ही देश का भविष्य उज्ज्वल होगा। डॉ. राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में ही संविधान तैयार किया गया। संविधान निर्माण के लिए कई समितियां बनी थीं और डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता प्रदर्शित की थी। इसी कारण इतना अच्छा संविधान बनकर तैयार हुआ। उन्होंने आयोजक पाण्डेय अखिलेश कुमार को धन्यवाद दिया कि इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में लिखने और अपनी कल्पना को साकार रूप देने का अवसर प्राप्त होता है। डॉ राजेन्द्र प्रसाद सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद आजादी की लड़ाई में बिहार के सबसे बड़े नेता थे जिन्होंने राष्टीय स्तरपर गांधी को स्वतंत्रता की लड़ाई में मजबूती देने में प्रमुख भूमिका अदा की। गुजरात के लिए जैसे सरदार पटेल थे उसीप्रकार बिहार के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद थे। गाँधीजी और सरदार पटेल डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को अपना सबसे विश्वासी सहयोगी मानते थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के समाधि स्थल को राजघाट की तरह विकसित करने का वादा करके मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भूल गये हैं, इसी वादे को बिहारवासी याद दिलाना चाहते हैं। कुम्हरार विधायक अरुण कुमार सिन्हा, प्रख्यात चिकित्सक डॉ. दिवाकर तेजस्वी, संजीव कर्ण, राकेश कुमार, अरुण माइकल, उमेश सिँह आदी प्रमुख लोग उपस्थित थे। निबंध में मॉडर्न कम्पिटिटिव हाई स्कूल की वैष्णवी भगत ने पहला, टर्निंग प्वाइंट स्कूल की खुसबू ने दूसरा, रबिन्द्र बालिका विधालय की वैष्णवी कुमारी ने तीसरा, गॉड स्पीड पब्लिक स्कूल की साक्षी प्रिया ने चौथा, बी0डी0 पब्लिक स्कूल के आदित्य राज ने पांचवा, संस्कृति एकेडमी की तन्वी ने छठा, सुदर्शन सेंट्रल स्कूल के आदित्य ने सातवाँ, अघोर प्रकाश शिशु सदन की प्रीति ने आठवा, स्कॉलर्स एबोड की दिव्या चौधरी ने नौवा, दयानंद कन्या उच्च विधालय की अर्पिता पाण्डेय ने दसवा स्थान प्राप्त किया। पेंटिंग में केंद्रीय विधालय कंकड़बाग की ग्रेसी ने पहला, गॉड स्पीड पब्लिक स्कूल की राज नंदनी ने दूसरा, स्कॉलर्स एबोड के युवराज ने तीसरा, मॉडर्न कम्पिटिटिव हाई स्कूल के अजय कुमार ने चौथा, संस्कृति एकेडमी की तन्वी ने पांचवा, टर्निंग प्वाइंट स्कूल की मेघा ने छठा, सुदर्शन सेंट्रल स्कूल की जूही ने सातवाँ, अघोर प्रकाश शिशु सदन की प्रियंका केसरी ने आठवा, रबिन्द्र बालिका विधालय की परी राज ने नौवा, दयानंद कन्या उच्च विधालय की गौरी ने दसवा स्थान प्राप्त किया।

## देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती पर मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती पर राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इसके साथ ही स्वदेशी कंबल आश्रम की चरखा कात रही महिलाओं के बीच साड़ी वितरित कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। राजेन्द्र चौक से दोनों नेता राजेन्द्र घाट स्थित समाधि स्थल पहुंचे और डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की समाधि पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, सूचना एवं जन संपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, विधान पार्षद कुमुद वर्मा, पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एस. सिद्धार्थ और राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार समेत कई सामाजिक और राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने आरती पूजन, बिहार गीत और देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को प्रेरणादायक बना दिया।

## बांग्लादेशियों के खिलाफ हल्ला बोल अभियान चलाए हिंदू सनातनी: स्वामी श्यामानंद जी महाराज

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर कातिलाना हमला एवं हिंदू धार्मिक संस्थाओं को नेस्तनाबूद किए जाने पर भारत के विपक्षी राजनीतिक दलों के रहस्य में चुप्पी भारतीय लोकतंत्र ही नहीं संपूर्ण हिंदू समुदाय के लिए घातक है। इस्कॉन के के प्रधान स्वामी चिन्मयानंद के वकील पर हमला हिंदू सनातन के लिए खुल्लम-खुल्ला चुनौती है। सनातनियों को भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को भारत से खदेड ने के लिए हल्ला बोल अभियान चलाना चाहिए ।यह कहना है श्री महाकाल भैरव अखाड़ा संघ के राष्ट्रीय सचिव स्वामी श्यामानंद जी महाराज का । श्री श्यामानंद ने कहा कि बांग्लादेश में इस्कॉन के महंत चिन्मयानंद के वकील पर बांग्लादेशियों का प्राण घातक हमला हिंदू सनातनियों के लिए खुल्लम-खुल्ला चुनौती है। उन्होंने कहा कि जिस तरह बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने हिंदू राष्ट्र के निर्माण के लिए 160 किलोमीटर के पदयात्रा निकालकर संपूर्ण विश्व में इतिहास बनाया है और सनातन विरोधियों का कलेजा दहला दिया है उसी प्रकार भारत के सनातनियों को भारत के विभिन्न राज्यों में रह रहे बांग्लादेशी को बांग्लादेश खदेड़ने के लिए एक जुट होकर शांतिपूर्ण अहिंसक हल्ला बोल अभियान चलाना चाहिए। भारत में रह रहे बांग्लादेशियों को भगाने के लिए यह समय बहुत ही उपयुक्त है। श्री श्यामानंद ने भारत सरकार से अपील किया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के निर्मम , मार काट एवं धार्मिक संस्थाओं पर लगातार हो रहे हमले को रोकने के लिए ठोस एवं कठोर कदम उठना चाहिए ।उन्होंने कहा कि भारत के विपक्षी राजनीतिक दलों को बांग्लादेश के अल्पसंख्यक हिंदुओं में वोट बैंक नजर नहीं आता इसीलिए यह गूंगे बहरे बने हुए हैं।

संक्षिप्त समाचार

## मेंटर्स एडुसर्व ने विद्यार्थियों के लिए मीटर रिजल्ट डिक्लेरेशन सेमिनार का आयोजन किया

**पटना।** मेंटर्स एडुसर्व ने गांधी मैदान स्थित बापू सभागार हॉल में पांचवीं, छठवीं, सातवीं, आठवीं, नवमीं एवं दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मीटर रिजल्ट डिक्लेरेशन सेमिनार का आयोजन किया। सेमिनार में प्रदेश भर से विद्यार्थी और उनके अभिभावक शामिल हुए। मेंटर्स एडुसर्व के निदेशक एवं आईआईटी टॉपर्स के भौतिकी गुरु, आनंद जायसवाल ने सेमिनार में बताया की दक्षिण भारत के ज्यादातर विद्यार्थी आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं में टॉपर्स की लिस्ट में रहते हैं, जिसकी वजह उनके तैयारी करने का तरीका है। वहां विद्यार्थी छठवीं या सातवीं कक्षा से ही आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी शुरू कर देते हैं। ऐसे में कक्षा 11वीं में पहुंचने से पहले ही उनका आधा से अधिक सिलेबस पूरा हो चुका होता है। तो बचे हुए समय को वो पूरा रिवीजन में लगाते हैं। इसी वजह से दक्षिण भारत का सफलता दर इन परीक्षाओं में ज्यादा है। उन्होंने बताया कि मेंटर्स एडुसर्व बिहार एवं झारखंड के विद्यार्थियों के लिए इसी फॉर्मूले पर काम कर रहा है। संस्थान में छठवीं कक्षा से ही फाउंडेशन कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों को आईआईटी और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाना शुरू कर दिया जाता है। इससे विद्यार्थियों के स्कूल रिजल्ट में भी सुधार देखा गया है। खासकर, गणित एवं विज्ञान विषयों में वो स्कूल में बेहतर अंक प्राप्त करते हैं। मैथेमैटिकल ओलंपियाड, जूनियर साइंस ओलंपियाड, एनटीएसई आदि परीक्षाओं के लिए भी विशेष मानसिक मजबूती एवं ट्रेनिंग चाहिए। यह स्कूल में संभव नहीं है। यह काम हमलोग अपने संस्थान में करते हैं।

## खेल में बिहार को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान, तेजस्वी क्रिकेट में भी फेल राजनीति में भी फेल : जदयू

**पटना।** जदयू विधानपार्षद और मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, प्रदेश प्रवक्ता डॉ निहोरा प्रसाद यादव, प्रदेश प्रवक्ता अंजुम आरा एवं पार्टी नेता अजीत पटेल ने नव निर्मित राजगीर खेल परिसर में आयोजित एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को बधाई दी है। पार्टी प्रदेश कार्यालय में संयुक्त तौर पर आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि नशा मुक्ति को लेकर आयोजित मैराथन दौड़ में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मशहूर बैडमिंटन खिलाडी सायना नेहवाल का बिहार आना बदलते बिहार का परिचायक है। पार्टी प्रवक्ताओं ने सवाल पूछते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव क्या असत्य बोलने का श्रेय लेंगे कि, विराट कोहली उनके नेतृत्व में क्रिकेट खेले थे? वो खेल में भी फिसड्डी रहे हैं। इस दौरान उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के क्रिकेट कैरियर से जुड़े साक्ष्य भी मीडिया के सामने पेश किए। प्रदेश पार्टी प्रवक्ताओं ने कहा कि राजगीर में भव्य खेल परिसर का निर्माण कर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार ने राज्य में खेलों और खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। यह देश का पहला ऐसा स्थल है जहां एक ही स्थल पर खेल परिसर एवं खेल विश्वविद्यालय है। 90 एकड़ में फैला यह खेल परिसर देश का पहला स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स है जहां एक ही जगह पर खिलाड़ियों को 14 आउटडोर और 10 इनडोर खेलों का प्रशिक्षण मिल सकेगा। इस खेल परिसर में 24 खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा जिनमें एथलेटिक्स, फुटबॉल, कबड्डी, हॉकी, क्रिकेट, बैडमिंटन, साइकिलिंग, टेबल टेनिस, बास्केटबॉल जैसे खेल शामिल हैं। इस खेल परिसर में वायरलेस बिजली आपूर्ति की व्यवस्था की गई है जहां चुंबकीय विधि की मदद से खेल मैदानों में बिजली पहुंचाने का काम किया गया है साथ ही इस खेल परिसर में कुश्ती, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ट्रैक की व्यवस्था की गई है। 740 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बन रहे इस खेल परिसर में एक अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है जहां करीब 40 हजार दर्शक एक साथ बैठकर क्रिकेट मैच का आनंद ले सकेंगे। इस खेल परिसर में मुख्य क्रिकेट स्टेडियम के अलावे 8 छोटे क्रिकेट स्टेडियम की व्यवस्था की गई है। इन छोटे स्टेडियमों में करीब 10 हजार दर्शक मैच का आनंद ले सकते हैं। खेल विश्वविद्यालय में खेल प्रबंधन, खेल पोशन एवं खेल विज्ञान प्रौद्योगिकी में विशेषज्ञता के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पढ़ाए जाने की व्यवस्था की गई है।

## सुपौल-सरायगढ़-निर्मली-झंझारपुर-सकरी-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते सहरसा और आनंद विहार के मध्य गरीबरथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**हाजीपुर।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा सुपौल-सरायगढ़-निर्मली- झंझारपुर-सकरी-दरभंगा-सीतामढ़ी-रक्सौल के रास्ते सहरसा और आनंद विहार के मध्य 05577/05578 स्पेशल गरीबरथ स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है। इस स्पेशल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी के 16 कोच होंगे। गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-आनंद विहार गरीबरथ स्पेशल दिनांक 04.12.2024 से 31.12.2024 तक सप्ताह में पांच दिन (गुरूवार एवं शनिवार को छोड़कर) सहरसा से 20.00 बजे प्रस्थान कर 20.20 बजे गढ़बरूआरी, 21.45 बजे सुपौल, 21.15 बजे सरायगढ़, 22.00 बजे निर्मली, 22.13 बजे घोघरडीहा, 22.35 बजे झंझारपुर, 23.00 बजे सकरी, 23.35 बजे दरभंगा रूकते हुए अगले दिन 00.45 बजे जनकपुर रोड, 01.30 बजे सीतामढ़ी, 20.10 बजे बैरगनिया, 03.15 रक्सौल, 04.20 बजे नरकटियागंज, 05.00 बजे बगहा रूकते हुए तीसरे दिन 00.30 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 05578 आनंद विहार-सहरसा स्पेशल दिनांक 06.12.2024 से 02.01.2025 तक तक सप्ताह में पांच दिन (शनिवार एवं सोमवार को छोड़कर) आनंद विहार से 05.15 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 00.10 बजे नरकटियागंज, 01.10 रक्सौल, 02.00 बजे बैरगनिया, 02.40 बजे सीतामढ़ी, 03.15 बजे जनकपुर रोड, 04.50 बजे दरभंगा, 06.00 बजे सकरी, 06.25 बजे झंझारपुर, 06.45 बजे घोघरडीहा, 08.03 बजे निर्मली, 08.30 बजे सरायगढ़, 09.30 बजे सुपौल, 09.45 बजे गढ़बरूआरी रूकते हुए 10.30 बजे सहरसा पहुंचेगी।

## स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करें मुख्यमंत्री नीतीश कुमारः राजेश राठौड़

**पटना।** बिहार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी की परीक्षा में पेपर लीक और फजीवाड़े की खबर के बाद बहाली को रद्द करने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने राज्य की जदयू भाजपा सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए सवाल किया है कि क्यों न बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय को नैतिकता के आधार पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पद से हटाकर जांच कराते हैं। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि एक परीक्षा कायदे से बिहार सरकार संचालित नहीं कर पा रही है। बहाली प्रक्रिया के बीच में ही पेपर लीक और पेपर रद्द करने की घोषणा हो जाती है और ताबड़तोड़ कुछ गिरफ्तारियां दिखाकर फिर बहाली प्रक्रिया को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। इस प्रकार की व्यवस्था से बिहार के युवा और छात्र पूरी तरीके से त्रस्त हैं और अपने भविष्य को इस सरकार में अंधकारमय मान के चल रहे हैं। इस तरीके से लगातार पेपर लीक की घटनाएं ये बताने को काफी है कि बिहार में कानून का इकबाल खत्म हो चुका है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं के रिपोर्ट ने पहले ही राज्य को खराब स्वास्थ्य व्यवस्था का चिट्ठा खोल चुकी है और ये विभाग राजग में हमेशा भाजपा के पास ही रहा है तो ये बताने को काफी है कि कैसे भाजपा ने बिहार के स्वास्थ्य सेवाओं को आईसीयू में मरणासन्न अवस्था में छोड़ रखा है।

# पटना विश्वविद्यालय का नाम देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद के नाम से किया जायः डा. रामजी सिंह

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** भारत के प्रथम राष्ट्रपति और भारतीय संविधान सभा के पूर्व अध्यक्ष की जयन्ती के पूर्व दिवस के अवसर पर भारत के निर्माण में देशरत्न का योगदान विषय पर राज्यस्तरीय संगोष्ठी का आयोजन राजेन्द्र मेमोरियल ट्रस्ट फॉर सरल डेवलपमेंट-सदाकत आश्रम पटना में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी का उद्घाटन करने हुए डॉ नवल किशोर चौधरी पूर्व प्राचार्य पटना कॉलेज-पटना ने कहा कि राष्ट्र का निर्माण में देशरत्न का अहम भूमिका रहा है उन्होंने चम्पारण सत्याग्रह के समय पूज्य बापू के साथ किसानों की समस्या को लेकर पांच जन्य फुका था, लेकिन दुःख की बात है कि किसानों की समस्या वैसे ही है आज खेती- किसानी छोड़कर किसान पूरे देश में भटक रहे हैं उन्होंने सरकार से मांग किया कि देश में सार्थक नीति किसानों के हित में बनायी जानी चाहिए क्योंकि आज कृषि में आमद कम और लागत अधिक है। विषय प्रवेश कराते हुए राष्ट्रीय लोक समिति के मंत्री चन्द्रभूषण ने कहा कि देशरत्न को गांधी जी के साथ चम्पारण सत्याग्रह के अलावा अहमदाबाद खेरा सत्याग्रह बारडोली सत्याग्रह, मजदूरों की समस्या को लेकर अहमदाबाद सत्याग्रह, 1921-22 में असहयोग आंदोलन, 1931-32 में सविनय अवज्ञा आंदोलन (नमक सत्याग्रह) 1940 में विनोवाजी का व्यक्तिगत सत्याग्रह एवं 9 अगस्त 1942 को भारत छोड़ो आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रहा है। सर्व सेवा संघ वधा (महाराष्ट्र) के राष्ट्रीय नेता श्री रामवतार प्रसाद ने कहा कि केन्द्र सरकार से निवेदन है कि देशरत्न के जन्म दिवस को पूरे देश में मेधा दिवस के रूप में मनाया जाय, इनके जीवनी पर फिल्म का निर्माण किया जाय, उनके जीवनी को पाठ्यपुस्तक में शामिल किया जाय। उन्होंने कहा कि भारत की धरती पर अहिंसक समाज परिवर्तन को ऐसे उदाहरण को नयी पीढ़ी को परिचित कराने का कार्य बड़े पैमाने पर केन्द्र एवं राज्य सरकार करना चाहिए। गाँधी शांति प्रतिष्ठान की पूर्व मंत्री सुरेंद्र कुमार ने बताया कि आजादी के बाद देशरत्न डा. राजेन्द्र प्रसाद ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन कुटीर उद्योग और ग्रामोद्योग के कार्यक्रमों को सशक्त करने की उनकी मंशा थी, वे अगर आज होते तो किसानों की दयनीय हालात नहीं होता। वे पौषण, शिक्षण, रक्षण, नशाबंदी और स्वच्छता के प्रखर समर्थक थे। उन्होंने बताया कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी गांव और किसानों की स्थिति रोज के रोज बिगड़ती जा रही है। जिसके फलस्वरूप हिंसा और नक्सलवाद देखने को मिलता है आज पश्चिम की औद्योगिक क्रांति में गांव को त्यागकर एक कृत्रिम शहरी संस्कृति को वरन् कर लिया। प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने कहा कि राजेन्द्र बाबू की सहजता और सरलता हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने हमेशा सिद्धांत के साथ खड़ा रहा। जीवन मूल्यों से कभी भी समझौता नही किया। युवाओं को इनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। वही नेहरू युवा केन्द्र के पूर्व राजयनिदेशक व जन सुराज नेत्री डॉ कुमारी ज्योत्स्ना ने राजेन्द्र बाबू के जीवन मूल्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि पद को सेवा का माध्यम समझा और आजीवन लोगों की सेवा में जुटे रहे। मौके पर प्रमोद कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश, आर्यन रंजन, सुधांशु कुमार,राकेश कुमार समेत सैंकड़ो लोग मौजूद रहे।

## विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग खिलाडियों के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा पटना क्षेत्र द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग खिलाडियों के बीच में उनके प्रयोग में आने वालें आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। यह वितरण अपने सामाजिक दायित्व के तहत बैंक ने बी पी सिन्हा स्वास्थ शरिरिक एवं शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में स्पेशल ओलंपिक्स एवं बिहार पारा स्पोर्ट्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बीच किया गया। मौके पर बैंक के क्षेत्रीय उप प्रमुख पटना क्षेत्र श्री संजय कुमार राय ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में और भी सहायता करने की बात कही. इस अवसर पर बिहार स्पेशल ओलंपिक्स, पारा स्पोर्ट्स के सचिव एवं अन्तर्रष्ट्रीय प्रशिक्षक संदीप कुमार ने यहां के बच्चों के अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भागीदारी की सराहना की तथा भविष्य में दिव्यांगों की और भी सहायता की अपेक्षा बैंक से रखी. यहां लगभग ५० की संख्या में दिव्यांगों की भागीदारी रही तथा दिव्यांगों के अभिभावकों ने भी बैंक की काफी सराहना की. इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार ने मंच का संचालन किया तथा उनके साथ मानव संसाधन प्रबंधक मोनिका जायसवाल और आशीष कुमार साथ रहे. अन्य लोगों में डाक्टर धनंजय ने भी मंच का संचालन किया तथा नीरज कुमार,अंजली कुमारी,रौशन कुमार, शेखर चौरसिया, अभिशेक कुमार सिंटू कुमार आदि लोग सक्रिय रहे।

## टीके घोष अकादमी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मनाई गई जयंती

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** राजधानी पटना के अशोक राजपथ स्थित टीके घोष अकादमी में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस मौके पर विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बीजेपी एनआरआई सेल के संयोजक और दिवंगत डॉ. राजेंद्र प्रसाद के परिवार के चौथी पीढ़ी के सदस्य मनीष सिन्हा शामिल हुए। उन्होंने स्कूल कैंपस में स्थित डॉ. राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं व बच्चों ने भी राजेंद्र प्रसाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में मनीष सिन्हा ने उनके जीवन वृतांत से बच्चों को अवगत कराया। बताया कि वह बहुत ही सहज व सरल स्वभाव के थे। कहा कि हमें भी उनके पदचिन्हों पर चलकर राष्ट्र के निर्माण में अहम योगदान करना चाहिए। हम सभी को उन पर गर्व है और ये सदा राष्ट्र को प्रेरणा देते रहेंगे। आज मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल होते हुए काफी गर्व महसूस हो रहा है। स्कूल के छात्र-छात्राओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर जीवन में बेहतर व देश के विकास में योगदान देने के लिए तैयार रहना चाहिए। मनीष सिन्हा ने स्कूल के गौरवशाली अतीत की चर्चा करते हुए कहा कि यह न केवल डॉ राजेंद्र प्रसाद बल्कि प्रसिद्ध सांसद सच्चिदानंद सिन्हा और पश्चिम बंगाल के पूर्व सीएम विधान चंद्र रॉय जैसे दिग्गजों की भी मातृ संस्था थी। उन्होंने स्कूल के प्रिंसिपल को संस्थान को हर संभव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।




## फिजिक्स वाला (पीडब्लू) ने पटना में सरकारी परीक्षा की तैयारी के लिए तीसरा ऑफलाइन सेंटर लॉन्च किया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** फिजिक्स वाला (पीडब्लू), एक एड-टेक प्लेटफॉर्म, ने बिहार के पटना में अपना गवर्नमेंट एग्जाम वाला सेंटर का उद्घाटन किया। यह सेंटर सरकारी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। इस सेंटर का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पीडब्लू के निदेशक प्रदुमन शुक्ला, वाईस प्रेसिडेंट प्रशांत सोनी ने किया। इस मौके पर अतुल कुमार, सीईओ (ऑनलाइन), फिजिक्स वाला (पीडब्लू) ने कहा, "फिजिक्स वाला में हमारा उद्देश्य शिक्षा को हर एक छात्र तक पहुंचाना है, चाहे उनका बैकग्राउंड कुछ भी हो। पटना में हमारा गवर्नमेंट एग्जाम वाला सेंटर इसी दिशा में एक कदम है। लखनऊ और कोलकाता में मिले रिस्पॉन्स के बाद, हम पटना में भी इस पहल को लेकर उत्साहित हैं। हमारी फैकल्टी, तकनीक और संसाधनों के माध्यम से, हम बिहार के छात्रों को सरकारी परीक्षाओं के लिए बेहतर तैयारी में मदद करना चाहते हैं।" यह गवर्नमेंट एग्जाम वाला सेंटर का तीसरा फिजिकल सेंटर है, जो इस साल लखनऊ और कोलकाता में सफल लॉन्च के बाद शुरू किया गया है। बिहार के छात्रों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए, यह नया सेंटर छात्रों को एसएससी, बैंकिंग, बिहार पुलिस, रेलवे, इंश्योरेंस और टीचिंग जैसी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसमें टेक्नोलॉजी से सुसज्जित क्लासरूम हैं, जो एक प्रभावी और आधुनिक सीखने का माहौल प्रदान करते हैं। इसके अलावा, यह सेंटर छात्रों को अभ्यास और मूल्यांकन के लिए कंप्यूटर टेस्ट लैब्स की सुविधा भी प्रदान करता है। इस प्रोग्राम में लाइव और रिकॉर्डेड क्लासेस, अनुकूल समय के साथ, पीडब्ल्यू के शिक्षकों द्वारा पढ़ाई कराई जाती है। मॉक टेस्ट के जरिए छात्रों को वास्तविक परीक्षा का अनुभव भी कराया जाता है। फिजिक्स वाला (पीडब्लू) ने अपनी ऑनलाइन सरकारी परीक्षा की तैयारी के क्षेत्र में बड़ी सफलता हासिल की है, जिसमें सैकड़ों छात्रों ने एसएससी, बैंकिंग और टीचिंग जैसी परीक्षाएं पास की हैं।

## स्कुल के बच्चों ने पटना जू में क्रिसमस का आयोजन किया



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** टेंडर हार्ट इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने पटना संजय गांधी जैविक उद्यान में क्रिसमस का आयोजन किया, जिसमें 200 से अधिक बच्चों ने उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत भ्रमण यात्रा के रूप में पटना चिड़ियाघर में पेड़-पौधों और पशु-पक्षियों का अध्ययन किया। बच्चों ने सांता के ड्रेस में दिसंबर माह में जन्मदिन मनाने वाले बच्चों के लिए एक बड़ा केक काटा और प्रमुख सांता क्लॉज ने सभी बच्चों के बीच उपहार बांटे। स्कूल के निदेशक राजीव भार्गव एवं प्रधानाचार्य शिवानी भार्गव ने बच्चों के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया और संदेश दिया कि इस तरह के आयोजन से बच्चे समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने ,पशुओं को बचाने के साथ ही समाज में सुख-समृद्धि और विश्व में शांति की संदेश देते हैं।

## विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग खिलाडियों के बीच आवश्यक वस्तुओं का वितरण



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा पटना क्षेत्र द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर दिव्यांग खिलाडियों के बीच में उनके प्रयोग में आने वालें आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया। यह वितरण अपने सामाजिक दायित्व के तहत बैंक ने बीपी सिन्हा स्वास्थ शरिरिक एवं शिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में स्पेशल ओलंपिक्स एवं बिहार पारा स्पोर्ट्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बीच किया गया। मौके पर बैंक के क्षेत्रीय उप प्रमुख पटना क्षेत्र संजय कुमार राय ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में और भी सहायता करने की बात कही। इस अवसर पर बिहार स्पेशल ओलंपिक्स, पारा स्पोर्ट्स के सचिव एवं अन्तर्रष्ट्रीय प्रशिक्षक संदीप कुमार ने यहां के बच्चों के अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भागीदारी की सराहना की तथा भविष्य में दिव्यांगों की और भी सहायता की अपेक्षा बैंक से रखी। इस अवसर पर बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक मनीष कुमार ने मंच का संचालन किया तथा उनके साथ मानव संसाधन प्रबंधक मोनिका जायसवाल और आशीष कुमार साथ रहे।

## बिहार में परीक्षा प्रणाली होगी लीक प्रूफ : मंत्री

» पटना में बिहार बोर्ड के टॉपर्स हुए सम्मानित
» मेडल के साथ मिला 1-1 लाख रुपए और लैपटॉप

नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** पटना के ज्ञान भवन में भारत के पहले राष्ट्रपति देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के जन्म दिवस के अवसर पर 'मेधा दिवस' समारोह 2024 का आयोजन किया गया। इसमें 2024 के परीक्षा में मैट्रिक और इंटर के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। पूरे राज्य में टॉप-10 में आने वाले 10वीं के 51 और इंटर में तीनों स्ट्रीम साइंस, आर्ट्स और कॉमर्स के टॉप-5 में आने वाले 24 स्टूडेंट्स को सम्मानित किया गया। साथ ही बिहार के 10 अलग-अलग जिलों के ऊट'२ को भी सम्मानित किया गया। सभी को बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने सम्मानित किया। इस दौरान शिक्षा मंत्रीसुनील कुमार ने कहा कि परीक्षा में प्रश्न पत्र की लीक हो जाना बहुम दुखद है उनका प्रयास होगा कि प्रदेश परीक्षा प्रणाली को लीक प्रूफ बनाया जाय। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि आज सभी स्टूडेंट्स को राजेंद्र प्रसाद के जयंती के अवसर पर सम्मानित किया गया है। सभी की उज्वल भविष्य के लिए कामना करते हैं। नीतीश कुमार को भी धन्यवाद करते है, जिनकी सोच और पहल पर 2017 से ऐसा समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बतायाकि 10वीं और 12वीं में रैंक 1 लाने वाले स्टूडेंट्स को 1 लाख रुपए और लैपटॉप दिया गया। 10 वीं में रैंक 1 लाने वाले शिवांकर कुमार, 12वीं में साइंस में रैंक 1 लाने वाले मृत्युंजय कुमार, आर्ट्स में रैंक 1 लाने वाले तुसार कुमार और कॉमर्स में रैंक 1 लाने वाली प्रिया कुमारी को सम्मानित किया गया। सेकंड रैंक वाले स्टूडेंट्स को 75 हजार रुपए और थर्ड रैंक लाने वाले को स्टूडेंट्स को 50 हजार रुपय और लैपटॉप दिया गया। मैट्रिक परीक्षा में चौथे से 10वें तक स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को 10 हजार रुपए, सर्टिफिकेट, मेडल और लैपटॉप से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, इंटरमीडिएट परीक्षा, 2024 के चौथे और पांचवे स्थान प्राप्त करने वाले स्टूडेंट्स को 15 हजार रुपए, सर्टिफिकेट, मेडल और लैपटॉप दिया गया। 2024 में मैट्रिक और इंटर के परीक्षा को कदाचार मुक्त संपन्न कराने को लेकर बिहार के 10 जिलों को भी सम्मानित किया गया। बोर्ड द्वारा भोजपुर, पूर्वी चम्पारण, दरभंगा, गया, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पटना, पूर्णिया और वैशाली के डीएम और जिला शिक्षा पदाधिकारी को सम्मानित किया गया। बारहवीं साइंस के रैंक 1 लाने वाले मृत्युंजय कुमार ने कहा की बहुत खुशी है। आज राजेन्द्र प्रसाद के जयंती के अवसर पर यह सम्मान मिला है। आज मैं बहुत गर्व महसूस कर रहा हूं। फिलहाल मैं सिविल सर्विस की तैयारी कर रहा हूं। कॉमर्स के टॉपर प्रिया कुमारी ने कहा की में फिलहाल सीए की तैयारी कर रहीं हूं। मैं और मेरा पूरा परिवार आज खुश है। कॉमर्स के सेकंड रैंकर सौरभ कुमार ने कहा की आज हम सभी काफी खुश है। शिक्षा मंत्री द्वारा सम्मान मिला है। काफी खुश है। अभी सीए की पढ़ाई कर रहा हूं। जो पैसे मिले है उसे पढ़ाई में ही खर्च करूंगा। मैट्रिक के टॉपर शिवांकर ने कहा की घर में पहले लैपटॉप नही था। अब लैपटॉप से पढ़ाई करूंगा। घर में सभी काफी खुश है।वहीं दसवीं टॉपर शिवांकर को 1 लाख नकद और लैपटॉप मिला है। भास्कर से बातचीत में कहा कि आज मेरी मां का जन्मदिन है। इससे बेहतरीन गिफ्ट मां के लिए नहीं हो सकता है। घर में पहले लैपटॉप नहीं था। अब ऑनलाइन पढ़ाई कर सकेंगे। पूरा परिवार खुश है। वैशाली के महुआ से प्रमिला देवी और गुड्डु राय अपनी बेटी स्मृति के साथ कार्यक्रम में पहुंचे। स्मृति ने मैट्रिक परीक्षा में टॉप-10 में जगह बनाई है। प्रमिला देवी ने बेटी की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए कहा कि हमने पहले कभी लैपटॉप नहीं देखा था। आज बेटी को लैपटॉप और 10 हजार रुपए मिला है। हमलोग दूसरों के खेतों में मजदूरी करते हैं, लेकिन बेटी को बड़ा अफसर बनाएंगे। उसके बाद ही उसकी शादी करेंगे। सुपौल जिले के मलाड़ की रहने वाली दीपिका कुमारी को दसवीं में छठा रैंक मिला है। पिता मनोज कुमार गांव में खेती करते हैं। उन्होंने बताया कि मेरी तीन बेटियां हैं, एक भी बेटा नहीं है। तीनों बेटियों को बेटों की तरह पाला है। खेती करके ही सभी पढ़ाया है। मेरी दो बेटी दिव्या और दिया ने एसएससी जीडी परीक्षा पास किया है।

हर खबर पर पैनी नज़र
नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



संक्षिप्त समाचार

## पैक्स के माध्यम से खेती को लाभकारी बनाएं किसान



**समस्तीपुर**। ज़िलें के विद्यापतिनगर प्रखंड अंतर्गत बढ़ौना पैक्स के नव निर्वाचित प्रबंध कारिणी समिति सदस्यों की बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी अमित कुमार ने सर्वप्रथम सभी निर्वाचित सदस्यों से परिचय प्राप्त किया। बैठक को संबोधित करते हुए बीसीओ ने कहा कि पैक्स किसानों का एक समूह है जो किसानों की आपसी सहभागिता के आधार पर संचालित होता है। इसके क्रियान्वयन में प्रत्येक सदस्य की अहम भूमिका रहती है। पैक्स के माध्यम से किसानों के लिए खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है। पैक्स को भी लाभ की स्थिति में लाकर इसकी पूंजी में इजाफा किया जा सकता है। बैठक में निबंधित किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान क्रय करने सहित कुल 12 प्रस्तावों पर सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया। मौके पर पैक्स अध्यक्ष कुणाल कुमार के लगातार तीसरी बार विजय होने पर सभी सदस्यों व बीसीओ ने बधाई व शुभकामनाएं दी। पैक्स अध्यक्ष कुणाल कुमार ने कहा कि बढ़ौना पैक्स निरंतर अपने सदस्यों के हित के लिए कार्यरत रहेगा। वहीं बेहतर तरीके से पैक्स का कार्य होगा। सभी नव निर्वाचित सदस्यों को सम्मानित किया गया। बीसीओ ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष व कार्यकारिणी सदस्यों को जीत की बधाई देते हुए सफल क्रियान्वयन में सकारात्मक सहयोग की अपील की।

## राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जागरूकता और गोष्ठी का आयोजन हुआ

**जहानाबाद**। राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला और प्रखंड स्तर पर जागरूकता अभियान और गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम जनता और कर्मियों को प्रदूषण के दुष्प्रभाव और उससे बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर स्कूल के छात्राओं ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। गोष्ठी के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि प्रदूषण के कारण चक्कर आना, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द और आंखों में जलन जैसे लक्षण आमतौर पर होते हैं। पांच साल से छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, ट्रैफिक पुलिस, सफाई कर्मी और श्वसन व हृदय रोग के मरीजों पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। विशेषज्ञों ने बताया कि प्रदूषण से बचने के लिए धुआं रहित ईंधन का उपयोग करें। पटाखे, कूड़ा और पत्तियां जलाने से बचें। धूम्रपान से दूर रहें। सार्वजनिक वाहनों का उपयोग करें। कूड़ादान का प्रयोग करें और बायोमेडिकल कचरे का सही तरीके से निस्तारण करें। अधिक प्रदूषित स्थानों पर जाने से परहेज करें। अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। जबकि यातायात थाना, जहानाबाद में ट्रैफिक पुलिस कर्मियों और पदाधिकारियों के लिए विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट आलोक कुमार ने उन्हें प्रदूषण के प्रभाव, लक्षण, बचाव और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। जी.एन.एम प्रशिक्षण संस्थान के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित जागरूकता रैली को सिविल सर्जन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में गैर संचारी रोग नियंत्रण पदाधिकारी, जीएनएम स्कूल के प्रधानाध्यापक, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में प्रदूषण के खतरों को लेकर जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ जीवन के प्रति प्रेरित करना था।

## उप विकास आयुक्त ने जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर नाटक की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया



**जहानाबाद** । जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त धनंजय कुमार द्वारा जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर आमजनों को पर्यावरण के संरक्षण हेतु जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक के टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।पर्यावरण संतुलन, पर्याप्त जल और हरित आवरण बढ़ाने के लिए बिहार राज्य में जल जीवन हरियाली अभियान शुरू किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित एवं जागरूक किया जाएगा तथा जल को संरक्षित करने का उपाय भी बताया जायेगा। इसके साथ ही आमजनों से अपने अपने घरों में कुआं एवं चापाकलो के पास सोख्ता निर्माण हेतु भी जानकारी दी जा रही है। घरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग (छत वर्षा संचयन) बनाने के लिए अपील किया जाएगा। जल जीवन हरियाली अभियान अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण हेतु बिहार सरकार के 15 विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं।

# रंगमंच अभिनेत्री के निधन पर अभिनव कला संगम ने जताया शोक

नई सोच एक्सप्रेस

**रोहतास**। रंगमंच की अभिनेत्री और पद्मश्री श्याम शर्मा कि पत्नी नवनीत शर्मा के निधन पर अभिनव कला संगम सदस्यों ने शोक व्यक्त किया। बताते चले कि पटना निवासी रंगमंच अभिनेत्री नवनीत शर्मा का निधन इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में हुआ है। जिसकी जानकारी मिलते ही स्टेशन रोड स्थित झुनझुनवाला वाटिका मे आयोजित शोक सभा मे संस्था के सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। संस्था अध्यक्ष कमलेश कुमार ने कहा कि जिस जमाने मे महिलाएं चौखट के अंदर रहती थी, उस धारणा को तोड़कर अपनी दृढ़ विश्वास और

» बैठक कर आल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता को लेकर हुई एक चर्चा

कला से करीब छह दशक तक रंग मंच पर सक्रिय रहीं और उसके अलावे कई भोजपुरी फिल्मों मे भी काम किया, तथा राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर कई अवार्ड भी उन्हें मिला। उनकी प्रेरणा से उनके पुत्र अभिषेक शर्मा वर्तमान मे थियेटर के कलाकार हैं। तत्पश्चात नाट्य प्रतियोगिता को लेकर संस्था सदस्यों ने बैठक की। सचिव विनय मिश्रा ने कहा कि 26 से 30 दिसंबर तक ऑल इंडिया नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। रात में नाट्य प्रतियोगिता तथा दिन में गायन, नृत्य, चित्रकला व मेहंदी प्रतियोगिता




का आयोजन किया जाएगा। नाट्य प्रतियोगिता में बिहार, झारखंड, बंगाल उत्तर प्रदेश, बंगाल, महाराष्ट्र, जम्मू काश्मीर, मणिपुर, आसाम, उड़ीसा, दिल्ली, मुंबई समेत कई अन्य राज्यों की नाट्य टीमें भाग लेंगी। 30 दिसंबर को शहर में रंग कर्मियों की दिन में रंग यात्रा तथा शाम में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा पुरस्कार वितरण के साथ नाट्य प्रतियोगिता का समापन होगा। बैठक में महासचिव कौशलेंद्र कुशवाहा, कोषाध्यक्ष शिवजी गुप्ता, निदेशक प्रोफेसर राणधीर सिंहा, उपाध्यक्ष सिमल सिंह, मुकुल मणि, विशाल सिंह, ओम जी यादव, राहुल सिंह, शंभू गुप्ता, मनोज गुप्ता, बैजू गुप्ता, संजय कुमार, साकेत कुमार, बीरेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

## पैक्स चुनाव में 60 प्रतिशत मतदान

नई सोच एक्सप्रेस

**सुगौली**। प्रखंड के 15 पंचायतों के 65 बूथों पर मंगलवार को पैक्स का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।जिसमे मतदाता बूथों पर कतारवद्ध होकर पैक्सध्यक्ष व सदस्य के लिए मतदाता मतदान किए। सभी मतदान केंद्रों पर पुलिस बल की तैनाती थी। निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ नूतन किरण,सीओ कुंदन कुमार,पुलिस निरीक्षक अशोक पांडेय,थानाध्यक्ष अमित सिंह,अपर थानाध्यक्ष अभिनव राज ने बूथों का निरीक्षण किया। मतदान कर्मी अपने अपने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं से मतदान कराने में जुटे रहे। स्थानीय प्रशासन के द्वारा प्रखंड के 15 पंचायतों के 65 मतदान केंद्र पर समुचित व्यवस्था थी।निष्पक्ष व शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न कराने को लेकर स्थानीय प्रशासन के द्वारा पुख्ता प्रबंध किया गया था।मतदान कर्मी प्रखंड के अलग



» सभी बूथों पर शांतिपूर्ण हुआ मतदान

अलग बूथों पर मतदान कराए। वीडियो नूतन किरण ने बताया कि देर शाम तक करीब 60 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए पूरी तैयारी की गई थी।थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने मतदान केंद्रों का जायजा लेने के बाद बताया कि सभी बूथों पर पुलिस अधिकारी व पुलिस बलों को तैनात थे।असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखी गई थी।किसी तरह की गड़बड़ी करने के प्रयास करने वालो को बख्शा नही जाएगा।इसकी पूरी तैयारी कर ली गई थी।

## अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**जहानाबाद** । अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय सदस्य , बिहार विधान परिषद डॉ० प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, माननीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव, अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं माननीय जन प्रतिनिधियों के प्रतिनिधिगण एवं सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया। दिव्यांगजन क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त श्री धनंजय कुमार द्वारा बैटिंग कर किया गया। बताते चलें कि 12 ओवर के दिव्यांगजन क्रिकेट टूर्नामेंट में 23 रन से जहानाबाद जिला विजेता रहा। जहानाबाद द्वारा 12 ओवर में 129 रन बनाया बनाया गया जबकि



सिवान जिला से आई टीम 106 रनों पर सिमट गई। दिव्यांगजन क्रिकेट टूर्नामेंट का प्रदर्शन काफी रोमांचित रहा। सभी दिव्यांग जन खिलाड़ियों ने अपने दमखम का बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा अन्य दिव्यांग जन खिलाड़ियों को अपने हुनर को पहचानते हुए सशक्त बनने का संदेश दिया। जिला पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त ने सभी दिव्यांग जन खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ खुद छक्का मार कर किया। क्रिकेट टूर्नामेंट के अतिरिक्त दिव्यांगजनों के बीच अन्य खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

# फाइलेरिया उन्मूलन हेतु नुक्कड़ नाटक से चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर समुदाय में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। यह नुक्कड़ नाटक नेहरू युवा केंद्र के द्वारा किया जायेगा। जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। नुक्कड़ नाटक एक प्रभावशाली और सरल तरीका है, जिसके माध्यम से जागरूकता अभियान को आम लोगों तक पहुंचाया जा सकता है। इस नाटक में पात्रों के माध्यम से फाइलेरिया की पहचान, बचाव और उपचार के तरीकों पर रोशनी डाली जाएगी। साथ ही, यह लोगों को फाइलेरिया की गंभीरता और इसे समाप्त करने



के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रेरित करेगा। नेहरू युवा केंद्र के प्रतिनिधि विवेक कुमार ने बताया कि इस नाटक के जरिए हम युवाओं और समुदाय के अन्य सदस्यों को न सिर्फ फाइलेरिया के बारे में बताएंगे, बल्कि उन्हें इसके उन्मूलन के लिए सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए भी प्रेरित करेंगे। नेहरू युवा केंद्र का यह प्रयास फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। पेशेंट सपोर्ट प्लेटफार्म के सदस्य इस अभियान को अपने सामूहिक प्रयासों से सफल बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं, ताकि फाइलेरिया जैसी घातक बीमारी को जिले से समाप्त किया जा सके। इस बैठक में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पीएसपी के सदस्यों ने अपनी भूमिका तय की और एकजुट होकर कार्यक्रम में पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान, विभिन्न हितधारकों ने फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में अपनी-अपनी जिम्मेदारियां तय कीं।

लेट्स इंस्पायर बिहार
राहुल कुमार सिंह
मुख्य कोऑर्डिनेटर, लेट्स इंस्पायर, बिहार

# संकल्प की यात्रा

### विकास वैभव का संदेश बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं

नई सोच एक्सप्रेस



**[ बिहार उस मोड़ पर खड़ा है जहां से आगे बढ़ने के सब दरवाज़े खुले पड़े हैं। अपने युवाओं की ओर एक उम्मीद से टकटकी लगा रहा कि वें अपनी मातृभूमि के लिए एक होकर जातिवादी बंधन को तोड़ डालेंगे और अपने बिहार के लिए कठिन परिश्रम करेंगे। वह समय आ गया है जब सब मिलकर जय बिहार से आसमान को गुंजायमान कर दें। ]** बिहार के लोग सदियों से अपनी संस्कृति के प्रति संवेदनशील रहते आएं है। इसी सांस्कृतिक विरासत परंपरा के कारण विभिन्न क्षेत्रों में अपना परचम लहराने में सफल भी है। बिहार की सुंदर संस्कृति और माता पिता के सुंदर संस्कार से युवाओं के हृदय की कोठरियों में जहां, मानवीय मूल्यों के फूल को खिलकर, सम्पूर्ण बिहार में उन तमाम फूलों की खुशबू फैल जानी चाहिए थीं। इसके विपरित युवाओं के हृदय में एक दूसरे के प्रति द्वेष, घृणा और नफ़रत की बीज बोने वाले इन लघुवादियों ने अपने विषबेल के बीजों को बोने में कोई कसर नहीं छोड़ी हैं। इसका बहुत भयावह परिणाम देखने को मिल रहा है। जातिवाद, क्षेत्रवाद और धर्मवाद जैसे लघुवाद में विभाजित युवा समाज अलग अलग दिशाओं में अपनी महत्त्वपूर्ण ऊर्जा को व्यय कर रही हैं। जिससे, बिहार के उत्थान में लगा रथ का पहिया एक जगह दशकों से स्थिर खड़ा हो कर तमाशाबीन हो गया है। यह रथ भी ऐसे सारथी की तलाश में हैं जो, बिहार के युवाओं को एकता के सूत्र में बांध कर, उन्हें सामूहिक रूप से अपनी ऊर्जा एक दिशा में रखने के लिए प्रेरित कर संके। युवाओं में बिहार गढ़ने की तमाम क्षमताएं विराजमान हैं। बिहार में युवाओं को स्वावलंबी बनाने हेतु आईपीएस विकास वैभव संकल्पित है। जितने बेरोजगार युवक बिहार में हैं, सबको सरकारी नौकरी देना संभव नहीं हैं। इसलिए उन्हें स्वावलंबन की ओर प्रेरित करना एक सराहनीय कदम है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान की यात्रा से अन्य बौद्धिकों को जोड़ना होगा। यह पहली बार हो रहा है कि बिहार की आम जनमानस इतनी सक्रियता से एक सामाजिक संदेश को वृहत मंच पर ले जाने को तैयार हैं। एक सुखद अनुभूति यह है कि वैश्विक स्तर पर इस अभियान की पहचान भी बन रही हैं। युवाओं का एक होकर रहना बिहार की जरूरत है और स्वयं युवाओं का भविष्य भी है। कुछ बेहतर करने के लिए आपस में प्रेम का होना जरूरी है। प्रेम और सौहार्द से ही नव बिहार को गढ़ना संभव है। जब तक, आपस में मन नहीं मिलेगा तब तक बिहार के युवाओं को एक दिशा में रखना संभव नहीं। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान के द्वारा बिहार अपनी खो रही समरस परंपराओं को वापस लाने में सफल हो रहा है। बिहार के युवाओं में असीम क्षमताएं विराजमान हैं। पर, उन तमाम युवाओं के सोचने, समझने और कार्य करने वाले गुणों को लघुवादियों ने गुलाम बना कर अपने वश में कर लिया हैं। जातिवाद एक ऐसा दीमक हैं जो, धीरे–धीरे पूरे बिहार के समाज को चाटते जा रहा है, नतीजन बिहार में प्रेम और सौहार्द खोखला हो रहा है। स्वार्थ की वृद्धि इतनी तीव्रता से हो रही हैं कि लोग लोक लाज और लिहाज़ को तिलांजलि दे रहे हैं। मानवीय संवेदना शून्य होकर वीराने की ओर तेज़ी से अग्रसर हो गई है। लेट्स इंस्पायर बिहार अभियान बिहार राज्य के संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन भारत की धरोहर को समाहित करते हुए यात्रा में गतिशील है। बिहार के युवाओं के हृदय में नव बिहार निर्माण के लिए नव कोंपल को फूटते हुए देख रहा हूं। मेरी भी उम्मीद जगी है। और, इस नेक कोशिश को लेकर आईपीएस विकास वैभव गंभीर है। उनका मानना है कि बिहार के युवाओं को एक साथ मिलकर बिहार के विकास के लिए चिन्तन करना होगा। आईपीएस विकास वैभव का संदेश है कि बिहार के युवा एक होकर एक दिशा में ऊर्जा लगाएं तभी हम साकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। आइए, मिलकर बिहार को प्रेरित करते हैं।

## आर एल महतो बीएड कॉलेज में स्वागत समारोह के साथ डीएलएड 2024-26 का सत्रारम्भ

नई सोच एक्सप्रेस

**समस्तीपुर**। दलसिंहसराय के आर एल महतो इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन में डीएडएल सत्र 2024-26 के नव नामांकित प्रशिक्षुओं का अभिनंदन सह स्वागत समारोह के साथ सत्रारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ दीप प्रज्वलन व माँ सरस्वती की तस्वीर पर पुष्पांजलि व माल्यार्पण के साथ किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम में आये सभी नव नामांकित प्रशिक्षुओं एवं अभिभावकों का स्वागत डीएलएड के सीनियर प्रशिक्षुओं द्वारा पुष्पवर्षा एवं गुलाब का फूल देकर किया गया। वहीं अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, जीनत प्रवीण व सहाना प्रवीण ने स्वागत गीत गाकर सभी नए विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए महाविद्यालय के निदेशक प्रशांत कुमार पंकज ने सभी प्रशिक्षुओं का अभिनंदन करते हुये कहा कि इस कोर्स को समझदारी, ईमानदारी एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण कर योग्य व आदर्श शिक्षक बन सकते हैं। इसके लिए उन्होंने शिक्षा के साथ संस्कार पर बल देते हुए नियत समय और अनुशासन को भी जरूरी बताया। उन्होंने नव नामांकित छात्र छात्राओं से नियमित होकर कोर्स पूर्ण करने की सलाह दी। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि शिक्षक सच्चरित्र, ईमानदार एवं ज्ञानी हो, तो वह युगो-युगो तक याद किए जाते हैं। अध्यापक छात्रों को अंधकार से प्रकाश की ओर बुराई से अच्छाई की ओर ले जाता है और सभ्यता के दीपक को हमेशा पर प्रज्जलित रखता है। डीएलएड विभागाध्यक्ष मो.



इमामुद्दीन ने कहा कि जो विद्यार्थी कष्टप्रद जीवन को अपने कर्तव्य मानता है, भविष्य में उज्जवल जीवन का पुरस्कार उसे ही प्राप्त होता है। कार्यक्रम में व्याख्याता योगेश कुमार के द्वारा दो वर्षीय डीएलएड पाठ्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी प्रशिक्षुओं को दी गई। वहीं डीएलएड के सीनियर छात्र श्रवण कुमार ने महाविद्यालय में बिताए अपने प्रथम वर्ष के अनुभवों को साझा किया।इस क्रम में ज्वलंत बिंदु पर नए प्रशिक्षुओं के लिए एक क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। जिसमें सर्वाधिक सही उत्तर देकर नीरज कुमार व सोनू कुमार मिस्टर फ्रेशर और जुली कुमारी व निधि कुमारी मिस फ्रेशर के रूप में चयनित किये गए। जिन्हें ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रशिक्षुओं में काजल, पल्लवी, पूजा, नेहा, मनीषा, नीरज, सरिता इत्यादि ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मंच संचालन हसन रजा अंसारी ने, स्वागत राजेश कुमार गिरी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. निर्मल कुमार चंचल के द्वारा किया गया। मौके पर केशव कुमार चौधरी, डॉ. सविता कुमारी, सत्यम, मुकेश कुमार राय, उमा शंकर चंदन, नीलम कुमारी, रूपम कुमारी, कुमारी दीपा, आकांक्षा कुमारी, प्राची अग्रवाल, पल्लव पारस, रूपक कौशल, पंकज गुप्ता, संतोष सुमन, रश्मि रोजी, श्वेता कर्ण, अजय शर्मा, दिनेश मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

# जयंती पर याद किये गए देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद

नई सोच एक्सप्रेस

**छपरा**। भारत के प्रथम राष्ट्रपति देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की 140वीं जयंती के मौके पर याद किए गए। उनकी प्रतिमा स्थल पर परिवर्तनकारी प्रारम्भिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष समरेंद्र बहादुर सिंह ने देश रत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। शिक्षक नेता समरेंद्र सिंह ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ० राजेन्द्र प्रसाद न केवल स्वतंत्र भारत के प्रथम राष्ट्रपति हुए।बल्कि स्वतंत्रता संग्राम में सेनानी के रूप में उल्लेखनीय भूमिका निभाई। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। राष्ट्रपति होने के अतिरिक्त उन्होंने भारत के पहले मंत्रिमंडल में 1946 एवं 1947 में कृषि और खाद्यमंत्री का दायित्व भी निभाया था और उनका किसानों के लिए दिया गया नारा अधिक अन्न उपजाओ स्वतंत्र भारत की क्रांतिकारी कदम में पहला कदम माना जाता है।1 962 में भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित डॉ राजेन्द्र प्रसाद की



» शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने किया माल्यार्पण

लोकप्रियता का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि सम्मान से उन्हें देशवासी राजेन्द्र बाबू कहकर पुकारते हैं। शिक्षक नेता ने कहा कि हमारे लिए यह गर्व की बात है कि देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा छपरा के जिला स्कूल से पूरी की थी। राजेंद्र बाबू के बारे में कहा जाता है कि उनकी परीक्षा की कॉपियां जांचते वक्त एग्जामिनर ने लिख दिया था कि 'एग्जामिनी इज बेटर देन एग्जामिनर'। आज भी यहां के छात्र और शिक्षक खुद को गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस मौके पर शिक्षक नेता संजय यादव,निजाम अहमद,विश्वजीत चंदेल,विनोद राय,इंद्रजीत महतो,पीयूष तिवारी,श्यामबाबू सिंह,जयमंगल कुमार,बलराम यादव,मोजिबुल हसन,प्रकाश ओझा,प्रीतम वर्मा,अभय चंद्रवंशी,अबु तल्हा,शाहनवाज हुसैन सहित अन्य उपस्थित थे।

# विश्व दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस

**रोहतास**। दिव्यांग जनों को समाज में सम्मान दिलाने, उन्हें आगे बढ़ने हेतु प्रेरित करने, उनके सुनहरे भविष्य के लिए कल्याणकारी योजनाओं पर विचार विमर्श करने, उन्हें मानसिक रूप से सबल बनाने तथा उनके प्रति समाज के अन्य लोगों में सहयोग की भावना भरने के लिए विश्व दिव्यांग दिवस शहर के जननायक कर्पूरी चौक पर समारोह पूर्वक मनाया गया। मौके पर प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद एवं क्रांतिकारी खुदीराम बोस की जयंती पर उनके चित्र पर मल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश की आजादी में दोनों के योगदान को याद किया गया। समारोह की अध्यक्षता राष्ट्रीय दिव्यांग संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष शंकर मोहिंता ने किया। मंच के माध्यम से बिहार एवं केन्द्र सरकार से दिव्यांग जनों के हित में कई मांग रखी। दिव्यांग जनों को संबोधित करते हुए जन सुराज के नेता समीर कुमार ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 रूपये से बढ़ा कर 5 हजार



» विभिन्न मांगों को लेकर दिव्यांग जनों ने किया आवाज बुलंद

रूपये की जाए, सभी दिव्यांगों और वंचितों को राशन कार्ड अविलंब दिलाया जाए, सभी जरूरतमंद दिव्यांगों को सरकार द्वारा यथाशीघ्र बैटरी चालित ट्राई-साइकिल, प्रखंड कार्यालयों के उदासीनता के कारण दिव्यांगों के लंबित सामाजिक सुरक्षा पेंशन चालू कराए जाएं। इसके साथ ही अक्षम दिव्यांगों का स्वरोजगार ऋण माफ करने, बिजली की दर में दिव्यांगों को 50 प्रतिशत की छूट देने सहित सरकारी आवास योजनाओं में दिव्यांगों को प्राथमिकता दिया जाए। मोर्चा के उपाध्यक्ष मंजर खान ने बताया की हमारी मांगों पर सरकार उचित निर्णय नहीं लेती है तो हम आंदोलन के लिए बाध्य हो जाएंगे। मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी युवा नेता कक्कू खान, दिव्यांग मोर्चा नगर अध्यक्ष मंटू निषाद एवं नगर सचिव संतोष यादव ने भी दिव्यांगों की समस्याओं पर प्रकाश डाला और समाज के प्रबुद्ध लोगों, समाज सेवियों और सरकार से सहयोग के लिए अपील भी किया। इसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी को सदस्यों द्वारा संबंधित ज्ञापन सौंपा गया।

## संक्षिप्त समाचार

### होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने 4,72,749 यूनिट की बिक्री की

**पटना**। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने नवंबर 2024 महीने के लिए अपनी समग्र बिक्री की घोषणा की। माह के दौरान कंपनी ने 4,72,749 इकाइयों की बिक्री की। इसमें 4,32,888 इकाइयों की घरेलू बिक्री और 39,861 इकाइयों का निर्यात शामिल है। उल्लेखनीय है कि एचएमएसआई की वाईटीडी बिक्री (अप्रैल-नवंबर 2024) 42,28,837 इकाई है। इसमें 38,67,427 घरेलू बिक्री और 3,61,410 निर्यात इकाइयाँ शामिल हैं। होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने इलेक्ट्रिक वाहन सेगमेंट में एक्टिवा ई और क्यूसी 1 को पेश करके मोबिलिटी के अगले युग की शुरुआत की। क्यूसी 1 के साथ-साथ आइकॉनिक एक्टिवा ब्रांड को बिल्कुल नए इलेक्ट्रिफाइड अवतार में पेश करना भारत में सस्टेनेबल मोबिलिटी के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण क्षण है। इसके लिए बुकिंग 1 जनवरी, 2025 से शुरू होगी और डिलीवरी फरवरी 2025 से शुरू होगी। भारत में सड़क सुरक्षा जागरूकता का विस्तार करते हुए, एचएमएसआई ने भारत भर के 09 शहरों - हैदराबाद (तेलंगाना), गुवाहाटी (असम), बीजापुर (कर्नाटक), करीमनगर (तेलंगाना), बरेली (उत्तर प्रदेश), कोल्लम (कर्नाटक), अलीबाग (महाराष्ट्र), जालना (महाराष्ट्र), और द्वारका (गुजरात) में जागरूकता अभियान चलाया।

### टेक्नोलॉजी और सिक्योरिटी हैं भारत के लघु कारोबारों की सफलता का प्रमुख आधार

**पटना**। गोडैडी के 2024 ग्लोबल ऑन्त्रप्रेन्योरिशप सर्वे से यह बात सामने आयी है कि लघु कारोबारी डिजिटल मांगों के मुताबिक लगातार अपने आपको ढाल रहे हैं, जो कि छोटे कारोबारों के लिए डिजिटल टूल्स के महत्व और अधिक मजबूत साइबरसिक्योरिटी उपायों को अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करता है। इनकी बदौलत ही ये लघु कारोबार लंबे समय तक बाजार में टिके रहकर प्रतिस्पर्धा का मुकाबला कर सकते हैं। इस सर्वे ने छोटे कारोबारों को आगे बढ़ने तथा प्रतिस्पर्धा का डटकर मुकाबला करने में टेक्नोलॉजी की अहम भूमिका को भी उभारा है, सर्वे से जाहिर हुआ है कि 96 प्रतिशत भारतीय उद्यमियों का मानना है कि प्रतिस्पर्धी लाभ की दृष्टि से डिजिटाइज़ेशन बेहद महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, सर्वे में भाग लेने वाले 97 प्रतिशत प्रतिभागियों ने बताया कि डिजिटाइज़ेशन से उनके कामकाज की प्रक्रियाओं में सुधार हुआ है, जबकि 93 प्रतिशत ने स्वीकार किया कि ऑनलाइन और ऑफलाइन सेल्स का मेल उनके बिज़नेस की सफलता के लिए काफी मायने रखता है। आने वाले समय में, छोटे कारोबारी अपने बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए डिजिटल सॉल्यूशंस में और निवेश के लिए तैयारी कर रहे हैं। अपूर्वा पालनितकर, सीनियर डायरेक्टर मार्केटिंग, गोडैडी ने कहा, "गोडैडी तेजी से बदल रहे डिजिटल इकोसिस्टम में लघु कारोबारों के प्रमुख चैंपियन के रूप में लगातार सक्रिय रहते हुए उनके लिए, डिजिटल सॉल्यूशंस और उद्यमियों के लिए एक्सपर्ट गाइड की भूमिका निभा रहा है। हम उन्हें बिजनेस में विस्तार करने, प्रोफेशनल वेबसाइट बनाने, ग्राहकों को आकर्षित करने तथा अपने

### ईवीएम ने भारत में निर्मित स्थानीय स्टोरेज समाधान के लिए रैम और एसएसडी का अनावरण किया



**पटना**। हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, कंप्यूटिंग और मोबिलिटी उत्पादों के मुंबई मेंअग्रणी विक्रेता और आईटी स्टोरेज सॉल्यूशंस में अग्रणी ईवीएम ब्रांड ने एसएसडी, रैम और अन्य अत्याधुनिकसमाधानों के लिए भारत के पहले मेड-इन-इंडिया स्टोरेज उत्पादों के लॉन्चकी गर्व के साथ घोषणा की है। यह लॉन्च ऐतिहासिक रूप से मील का पत्थर है,क्योंकि ईवीएम स्थानीय रूप से विकसित और निर्मित मेड इन इंडिया स्टोरेज समाधानपेश करने वाला पहला भारतीय ब्रांड बन गया है। ईवीएम इंडिया के सीईओ विशालहुंडिया ने कहा कि - ईवीएम का हमेशा से भारतीय उपभोक्ताओं कोसशक्त बनाने का उद्देश्य रहा है। ये मेड-इन-इंडिया स्टोरेज समाधान इस बात कीपुष्टि करते हैं कि भारतीय नवाचार क्या हासिल कर सकते हैं। एक भारतीय ब्रांड के रूप में, हमें अन्य अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों के समान गुणवत्ता के साथ भारतीय आवश्यकताओं के अनुरूप उच्च गुणवत्ता वाले स्टोरेज समाधान पेश करने पर गर्व है। यहएक बदलाव लाने के बारे में है। हमारी एक खरीदो दस दो पहल के माध्यम से, हम एक मजबूत, आत्मनिर्भर भारत का निर्माण करते हुए बचपन के कैंसर के खिलाफ लड़ाई में योगदान देने के लिए सम्मानित महसूस करते हैं। ईवीएम इंडिया के प्रबंध निदेशक कुणाल हुंडिया ने कहा कि-यह एक उत्पाद लॉन्च से कहीं अधिक है, वैश्विक तकनीक क्षेत्र में भारत की क्षमता कीघोषणा करना। ईवीएम आने वाले समय में अपने उत्पाद पोर्टफोलियो काविस्तार करते हुए स्थानीय रूप से निर्मित स्टोरेज समाधानों को पेश करके इस गतिको बनाने की योजना बना रहा है। हुंडिया इन्फो सॉल्यूशंस प्राइवेटलिमिटेड के स्वामित्व वाली ईवीएम ने आईटी स्टोरेज सॉल्यूशंस स्पेस में नंबर 1भारतीय ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। ईवीएम के मेड-इन-इंडियाउत्पाद असाधारण स्थायित्व, विश्वसनीयता और प्रदर्शन देने के लिए डिज़ाइन किए गएहैं, जो प्रतिस्पर्धी कीमतों पर अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करते हैं। येसमाधान 5 से 10 साल की उद्योग-अग्रणी वारंटी के साथ आते हैं, जो ग्राहकोंके लिए दीर्घकालिक मानसिक शांति सुनिश्चित करते हैं। ईवीएम ने भारतीय आईटीस्टोरेज मार्केट में लगातार बढ़त बनाई है। नंबर 1 भारतीय स्टोरेज सॉल्यूशंसब्रांड के रूप में पहचाने जाने वाले ईवीएम अपने व्यापक आफ्टर-सेल्स सर्विस नेटवर्कके माध्यम से बेजोड़ ग्राहक सहायता प्रदान करता है, जिसमें देश भर में 500 से अधिकसर्विस सेंटर शामिल हैं। ब्रांड की मुफ्त पिक-अप और ड्रॉप-ऑफ सेवा एक सहजग्राहक अनुभव सुनिश्चित करती है, जो विश्वसनीयता और सुविधा के अपने वादे कोपुष्ट करती है। अपने मेड-इन-इंडिया स्टोरेज सॉल्यूशंस के लॉन्च केसाथ, ईवीएम न केवल स्थानीय विनिर्माण के लिए मानक बढ़ाता है, बल्किउपभोक्ताओं को नवाचार और सशक्तिकरण की अपनी यात्रा में शामिल होने के लिए भीआमंत्रित करता है।

# सामाजिक विज्ञानों में कार्य-कारण संबंध और कालक्रम महत्वपूर्ण है : देबदत्ता साहा

नई सोच एक्सप्रेस



**दिल्ली**। दिल्ली विश्वविद्यालय के दयाल सिंह कॉलेज के अर्थशास्त्र विभाग ने 2 और 3 दिसंबर 2024 को एनआरसी-आईसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय कार्यशाला "आर के साथ टाइम सीरीज विश्लेषण" का सफलतापूर्वक आयोजन किया।दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. देबदत्ता साहा ने सामाजिक विज्ञानों में कार्य-कारण और कालक्रम के महत्व को व्याख्यायित किया। यह कार्यशाला शोधार्थियों, शिक्षकों और उद्योग पेशेवरों के लिए आयोजित की गई थी, जिसमें केंद्रीय विश्वविद्यालय पंजाब, केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा, जामिया मिल्लिया इस्लामिया, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय और दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने लाभ उठाया। कार्यशाला के मुख्य संरक्षक प्रो. बी.के. कुठियाला, अध्यक्ष, दयाल सिंह कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय और संरक्षक प्रो. वी.के. पालीवाल, प्राचार्य, दयाल सिंह कॉलेज थे।कार्यशाला की शुरुआत 2 दिसंबर 2024 को दयाल सिंह कॉलेज के सेमिनार कक्ष में उद्घाटन सत्र से हुई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि, श्री कौशलेंद्र कुमार, माननीय लोकसभा सांसद, (नालंदा, बिहार) ने छात्रों को सरदार दयाल सिंह मजीठिया की विरासत को जारी रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने 'द ट्रिब्यून', पंजाब विश्वविद्यालय और 'पंजाब नेशनल बैंक' के संस्थापक सरदार दयाल सिंह मजीठिया द्वारा 1895 में स्थापित किए गए शिक्षा ट्रस्ट की महत्ता को बताया। उन्होंने यह भी कहा कि उदारता हमेशा समृद्धि की ओर ले जाती है।प्रो. वी. के. पालीवाल, प्राचार्य, दयाल सिंह कॉलेज ने कॉलेज की उपलब्धियों और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अर्थशास्त्र विभाग के प्रयासों की सराहना की और प्रतिभागियों के उत्साह की प्रशंसा की। उन्होंने शोधकर्ताओं के लिए नवीनतम सॉफ़्टवेयर में प्रवीणता के महत्व पर जोर दिया। कार्यशाला की मुख्य वक्ता, उन्होंने टाइम सीरीज़ के विभिन्न क्षेत्रों में ऐतिहासिक विकास पर प्रकाश डाला, जिसमें वाणिज्यिक आवश्यकताएँ, आर्थिक विकास, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और समकालीन डिजिटल युग में इंटरनेट और सोशल मीडिया पर इसके प्रभाव शामिल थे। उन्होंने यादृच्छिक बनाम एल्गोरिथमिक डेटा मॉडलिंग के बीच अंतर को भी समझाया। अर्थशास्त्र विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. रितिका गर्ग, दिल्ली स्कूल ऑफ एकोनॉमिक्स के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. लोकेन्द्र कुमावत, रामजस महाविद्यालय के प्रोफेसर नारायण और आईआईएलएम विश्वविद्यालय, गुरुग्राम से डॉ. अपिका शर्मा ने दो दिवसीय कार्यशाला के दौरान तकनीकी सत्रों का संचालन किया।अंततः, कार्यशाला को प्रतिभागियों द्वारा अच्छी तरह से सराहा गया और सफल माना गया।

## घर-घर डिजिटल शिक्षा पहुंचाएगी इंडस टावर्स लिमिटेड की डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन

नई सोच एक्सप्रेस



**रांची**। देश की जानी - मानी कंपनी इंडस टावर्स लिमिटेड ने डिजिटल शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग किया है । इसके तहत झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में वंचित समुदाय के बीच घर-घर जाकर एक डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से लोगों को डिजिटल शिक्षा प्रदान की जाएगी। यह कार्य एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ भागीदारी में किया जा रहा है। इस संबंध में इंडस टावर्स लिमिटेड के सर्किल सीईओ रितेश बत्स , सर्किल एचआर हेड शाहनवाज अहमद तथा सर्कल ओ एंड एम हेड पंकज सिन्हा ने बताया कि झारखंड के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन (डीटीवी) के माध्यम से डिजिटल शिक्षा के प्रसार की शुरुआत की गयी। झारखंड सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी और ई गवर्नेंस विभाग की सचिव विप्रा भाल ने आज इसका उद्घाटन केराली पब्लिक स्कूल (नेवरी विकास) रांची से किया। इस अवसर पर भाल ने कहा कि डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन वैन के माध्यम से झारखंड के सुदूरवर्ती इलाकों के बच्चे - बच्चियों को कंप्यूटर शिक्षा और इसकी तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने ऐसे प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान युग कंप्यूटर तथा डिजिटल का है और इसके लिए अभी से ही बच्चे - बच्चियों को जानकारी सुलभ कराना उनके भविष्य के लिए बेहतर कदम है। इंडस टावर्स के अधिकारियों ने इस मौके पर बताया कि 20 सीटर इस डिजिटल वैन को विशेष तौर पर डिजाइन किया गया है जिसमें सौर ऊर्जा से चलने वाला कंप्यूटर, प्रिंटर और ई लर्निंग टूल भी लगाए गए हैं । यह डिजिटल वैन उच्च दक्षता वाले सौर पैनल से सुसज्जित है जो अपनी आवश्यकता के लिए प्रतिदिन 15 किलोवाट ऊर्जा उत्पन्न करता है। इसके अलावा सौर मॉड्यूल की विफलता की स्थिति में वैकल्पिक स्रोत के रूप में वाहन में बैटरी के साथ यूपीएस, 5.5 केवीए जनरेटर और डायरेक्ट एसी लाइन केबल भी लगाए गए हैं।

## राजेन्द्र बाबू के जन्मदिवस को मेधा दिवस घोषित करे सरकार : आर के सिन्हा

नई सोच एक्सप्रेस



**जीरादेई**। देश की सबसे बड़ी निजी सुरक्षा एजेंसी एस आई एस समूह के संस्थापक, राष्ट्रीय संगत-पंगत के संस्थापक अध्यक्ष, पूर्व सांसद डॉ आर के सिन्हा ने कहा कि देशरत्न डॉ राजेन्द्र प्रसाद के जन्मदिवस 3 दिसंबर को सरकार मेधा दिवस घोषित करे क्योंकि राजेन्द्र बाबू दुनिया के ऐसे अकेले व्यक्ति थे जिनके बारे में उनके परीक्षक ने उनकी उत्तर पुस्तिका में लिखा कि परीक्षार्थी परीक्षक से ज्यादा योग्य है। डॉ सिन्हा आज यहां डॉ राजेन्द्र प्रसाद के 140 वें जन्मदिवस पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद निकटवर्ती गांव भरथुई में विशाल जनसभा को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश जीरादेई में राजेन्द्र बाबू की 108 फीट ऊंची प्रतिमा के निर्माण की है।इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। साथ ही पुस्तकालय एवं वचनालय का निर्माण किया जायेगा। डॉ सिन्हा ने कहा कि डॉ राजेन्द्र प्रसाद विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। जरूरत नई पीढ़ी को उनके जीवन से परिचित कराने की है।मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा गांधी बनाने वाले राजेन्द्र बाबू ही थे। इस अवसर पर डॉ सिन्हा ने राजेन्द्र बाबू से जुड़े कई संस्मरण लोगों को सुनाए। कार्यक्रम का संचालन आकाशवाणी की उद्घोषिता श्वेता सुरभि ने किया। इससे पूर्व सिवान तीतीर स्तूप बौद्ध विकास मिशन के संस्थापक सह शोधार्थी कृष्ण कुमार सिंह ने डॉ सिन्हा को भगवान बुद्ध के जीवन काल से संबंधित पुस्तक 'प्राचीन कुसीनारा : एक अध्ययन' पुस्तक भेंट किया। कार्यक्रम में महराज बाल मुकुंद, अरविन्द सिन्हा, दुर्गा प्रसाद पांडेय, बलिन्द्र सिंह, रामेश्वर सिंह, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, अनुरंजन श्रीवास्तव, राहुल कुदेशिया और वरिष्ठ पत्रकार राधा रमण समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# डीपीएस मारुति कुंज द्वारा अनूठी पहल, प्रवेश शुल्क फ्री किया

नई सोच एक्सप्रेस




**गुरुग्राम**। शहर के प्रतिष्ठित दिल्ली पब्लिक स्कूल, मारुति कुंज स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अखिलेश चंद्र चतुर्वेदी ने विद्यालय कि तीसवें वर्षगांठ के अवसर पर प्रवेश शुल्क फ्री की घोषणा करते हुए समाज के सभी वर्गों के बच्चों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने के लिए एक बेहद अनूठी पहल की है। इस का उद्देश्य विशेष कर उन प्रतिभाशाली बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करना भी है जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण एडमिशन फीस वहन नहीं कर सकते। प्रधानाचार्य श्री चतुर्वेदी ने हमारे सहयोगी व समाजसेवी ईं आरके जायसवाल से औपचारिक बातचीत के दौरान बताया कि हमारा प्रयास प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके समग्र विकास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों, और डीपीएस मारुति कुंज न केवल शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है बल्कि यह भारत के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के लिए भी संकल्पित है। विद्यालय की प्रमुख विशेषताएं बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे विद्यालय में शिक्षकों का एक अनुभवी और समर्पित समूह है जो विद्यार्थियों के शैक्षणिक और नैतिक विकास में योगदान देता है। विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए विस्तृत हरित परिसर और कई विशाल खेल मैदान है साथ ही आधुनिक खेल सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं। आगे बातचीत में कहा कि यहां की हाई-टेक क्लासरूम, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं और एक पुस्तकालय छात्रों को शिक्षण में एक नई दिशा प्रदान करते हैं। वहीं संपूर्ण विकास के मद्देनजर खेल, संगीत और कला की अवसर मौजूद हैं। छात्रों के लिए व्यापक व सुरक्षित परिवहन का विशाल नेटवर्क उपलब्ध है। श्री चतुर्वेदी ने यह भी बताया कि डीपीएस मारुति कुंज हर घर तक शिक्षा" के अपने विजन को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल से समाज के हर वर्ग के बच्चों को समान अवसर प्राप्त होगा। साथ ही उन्होंने इस विशेष अवसर का लाभ उठाने के लिए विद्यालय के वेबसाइट www.dpsmarutikunj.org और संपर्क 8076921981, 9891571981 भी साझा किया। वहीं डीपीएस स्कूल के इस विषेश अनूठी पहल पर क्षेत्रीय गण्यमान लोगों सहित दर्जनों अविभावक, पूर्वती छात्रों आदि ने सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी।

# स्वामी गोविंददेव गिरिजी और सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. आठवले जी की 'सनातन आश्रम' में हृदयस्पर्शी भेंट

नई सोच एक्सप्रेस

» भारत को विश्व में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने में 'सनातन आश्रम' का योगदान सबसे बड़ा होगा! - प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरिजी



**गोवा**। सनातन संस्था के आश्रम में आकर, इस पुण्यभूमि में उपस्थित होकर और इसका पूर्ण अवलोकन करने के बाद मुझे अत्यंत प्रसन्नता हुई। केवल गोवा ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों को भी 'तपोभूमि' बनाने में 'सनातन आश्रम' का बड़ा योगदान है। इस आश्रम की ऊर्जा के कारण पिछले 25 वर्षों में लोगों की मनोभूमिका में जो सकारात्मक परिवर्तन हुए हैं, वे स्पष्ट रूप से अनुभव किए जा सकते हैं। यह ऊर्जा अब और भी गती से काम कर रही है। इसलिए मुझे विश्वास है कि आने वाले समय में भारत पूरे विश्व में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचेगा, और इस योगदान में 'सनातन आश्रम' का सबसे बड़ा योगदान होगा। ये शब्द 'श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र न्यास' के कोषाध्यक्ष प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरिजी ने गोवा स्थित सनातन संस्था के आश्रम की भेट करने के बाद कहे। इस अवसर पर सनातन संस्था के संस्थापक सच्चिदानंद परब्रह्म डॉ. जयंत बाळाजी आठवले और प.पू. स्वामी गोविंददेव गिरिजी की 'सनातन आश्रम' में एक भावपूर्ण भेंट हुई। आश्रम की भेट करने के बाद प.पू. स्वामीजी ने कहा, ''हम भारत को पूर्व की तरह महान राष्ट्र बनाना चाहते हैं। हालांकि, भारत विश्वगुरु के स्थान पर आसानी से नहीं पहुंच सकता। इसके लिए ऊर्जा के प्रवाह की आवश्यकता है। जैसे मुंबई के भाभा परमाणु ऊर्जा केंद्र से ऊर्जा उत्पन्न होती है और उसका उपयोग पूरे देश में किया जाता है, उसी प्रकार यह 'सनातन आश्रम' आध्यात्मिक ऊर्जा उत्पन्न कर रहा है। यह ऊर्जा आसमंत में फैल रही है और लोगों की मानसिकता को प्रभावित कर हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए काम कर रही है।'' जैसे विभिन्न महात्माओं ने विभिन्न स्थानों पर तपस्या की और उसका प्रभाव समय-समय पर धर्म को जागृत कर राष्ट्र का सामर्थ्य प्रदाध करता रहा, वैसे ही यह 'सनातन आश्रम' इस राष्ट्र को सामर्थ्य प्रदान करने वाली ऊर्जा का केंद्र है। इस केंद्र को मैं अत्यंत श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। इस ऊर्जा के मूल प्रवाह पूजनीय डॉ. जयंत आठवले जी के माध्यम से हुआ। उनके व्यक्तित्व ने मुझे अत्यंत आनंदित और प्रभावित किया। मैं उन्हें भी अत्यंत श्रद्धा से नमन करता हूं। स्वामीजी ने कहा, ''मैं गीता सिखाता हूं और यह देखकर अत्यंत प्रसन्नता हुई कि गीता को यहां 'सनातन आश्रम' में आचरण में लाया जाता है। छत्रपति शिवाजी महाराज की तरह का 'माइक्रो मैनेजमेंट' (सूक्ष्म-व्यवस्थापन) सनातन आश्रम में देखने को मिलता है। यह प्रबंधन शैली प्रेरणा देने वाली है।''

## नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों के साथ बीसीओ ने की बैठक ; धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का दिया निर्देश



नई सोच एक्सप्रेस

**पंचदेवरी**। मोतीपुर स्थित स्थानीय व्यापार मंडल कार्यालय सभागार में मंगलबार को नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों की बैठक बीसीओ विमलेश कुमार के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ । पंचदेवरी बीसीओ विमलेश कुमार ने बताया कि बैठक के दौरान नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्षों के साथ परिचय प्राप्त हुआ तथा धान अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया गया । बैठक के दौरान संबंधित पैक्स अध्यक्षों ने धान अधिप्राप्ति में हो रही कठिनाइयों के बारे में एक-एक करके विस्तार से बीसीओ से बताया , जिसको लेकर बीसीओ ने समस्या को वरीय सम्बन्धित अधिकारियों से अवगत कराकर कराने का आश्वासन दिया । सभी पैक्स अध्यक्षों ने मिल से टैग करने पर जोर दिया ।मौके पर व्यापार मंडल के अध्यक्ष सह महुअवा पैक्स अध्यक्ष प्रफुल्ल राय , आस नारायण यादव , अजेंद्र सिंह , अनिल पटेल , राकेश सिंह , ओम प्रकाश सिंह , सुनील यादव सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष व कर्मी उपस्थित थे।

# आजादी के गुमनाम सितारे : त्याग मूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद

नई सोच एक्सप्रेस

**दिल्ली** दिल्ली से महज 500 किलोमीटर दूरी पर उत्तर प्रदेश के राठ, बुंदेलखंड में यह महोत्सव त्याग मूर्ति स्वामी ब्रह्मानंद जी की स्मृति में मनाया गया। वहाँ जाने के बाद स्वामी जी के बारे में बहुत कुछ जानने का मौका मिला । जिसे इतिहासकारों ने बिसार दिया है। ब्रह्मानंद जी स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं शिक्षा और सामाजिक जागरण के पुरोधा थे। आजादी की लड़ाई इन्होंने महात्मा गाँधी, जवाहरलाल नेहरू, गणेश शंकर विद्यार्थी, राधा मोहन गोकुल, बाबा राघवदास जैसे महापुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर की और जेल भी गए। शिक्षा के क्षेत्र में अलख जागने का कार्य बुंदेलखंड के ग्राम इटौरा राठ में एक पाठशाला खोलकर की। तत्पश्चात खोही ( वर्तमान में महोबा जिला) स्थान पर कनकुआ के जमींदार वृंदावन सिंह लोधी 'रईस' से दान में ले गई जमीन पर पाठशाला की शुरुआत की। हालांकि पाठशाला स्वतंत्रता सेनानियों के पनाहगाह होने की वजह से ब्रिटिश हुकूमत द्वारा बंद कर दी गई। सन् 1938 में स्वामी जी ने कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं की एक कॉन्फ्रेंस जराखर गाँव में आयोजित की। जिसमें पाँच हजार चांदी के सिक्के बच गए। जिसको तत्कालीन हमीरपुर जिलाधिकारी सैयद सिद्दीकी हसन के सहयोग से राठ में ब्रह्मानंद इंटर कॉलज की नींव रखी । सन् 1960 में कृषि शिक्षा के लिए महाविद्यालय की स्थापना की । उनके प्रयासों से बुंदेलखंड में शिक्षा की नई लहर की शुरुआत हुई । ब्रह्मानंद का पालन पोषण शुद्र समाज की एक मेहतरानी महिला द्वारा हुआ। दरअसल तत्कालीन सामाजिक मान्यता के अनुसार बच्चों को महामारी से बचने के लिए अछूत जाति की महिला के गोद में बच्चों की रखे जाने की प्रथा थी। स्वामी जी उसे महिला को आजीवन माँ मानते रहे। जिसका विरोध गांव के लोग करते थे। इस तरह के विरोध का स्वामी जी ने डटकर सामना किया। उनका मानना था कि "जब आप सभी को अपने बच्चों को बचाना हो तो शूद्र महिलाओं के गोद में डाल दो, इसके बाद वह बच्चा बच जाता है तो उसे छुआछूत सिखाया जाने लगता है! मैं समाज के ऐसे स्वार्थी मनोदशा का विरोध करता हूँ और संपूर्ण मानव जाति को एक मानता हूँ।" छुआछूत जैसे सामाजिक कलंक के वे आजीवन विरोध करते रहें। ऐसे महापुरुष को भारतीय इतिहासकारों ने इतिहास में कहीं जगह नहीं दी! वैसे इस देश की आवाम महात्मा गाँधी और बाबा साहब अंबेडकर को भूलती रही है तो स्वामी जी को भुलाना कोई नई बात नहीं है! स्वामी जी का जन्म 4 दिसंबर 1894 को उत्तर प्रदेश हमीरपुर के बेतवा नदी के किनारे तहसील सरीला के बरहरा गाँव में लोधी जाति के साधारण किसान परिवार में हुआ। इनके पिता का नाम मातादीन लोधी और माता यशोदाबाई है। उनके बचपन का नाम शिवदयाल था। इनकी प्रारंभिक शिक्षा गाँव में ही संपन्न हुई। यद्यपि इनका विवाह 9 वर्ष की अल्पायु में ही राधाबाई से करा दी गई। तथापि महज़ 23 वर्ष की आयु में सन्यास धारण कर ली। सन्यासी के रूप में वे 12 वर्षों तक भारत भ्रमण करते रहे। इस दौरान हिंदुस्तान की आवाम को समझने की कोशिश की। और पाया कि हिंदुस्तान की बदहाली की मुख्य वजह अशिक्षा है। लिहाजा अशिक्षा को दूर करने का बेड़ा उठाया।

सांसद रहते हुए जो भी उन्हें धन प्राप्त हुआ पाई-पाई शिक्षा के लिए अर्पित कर दी। ऐसे महान स्वामी ब्रह्मानंद के बारे में बुंदेली कवि हरगोविंद सिंह लिखते हैं :

"त्याग मूर्ति कर्मठ यती
स्वामी ब्रह्मानंद
जिनके विद्या कुंज कौ
फलो ज्ञान मकरंद"

## जहानाबाद कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण द्वारा परिभ्रमण हेतु 45 किसान लखनऊ के लिए रवाना हुए

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद**। आत्मा के द्वारा राज्य के बाहर कृषक परिभ्रमण मद् के अंतर्गत जिला के 45 किसानों को उपोष्ण बागवानी फसलों की वैज्ञानिक खेती, उत्पाद, प्रसंस्करण एवं विपणन विषय पर छः दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु इंदिरा गांधी सहकारी प्रबंध संस्थान लखनऊ बस द्वारा भेजा गया। किसानों के दल का नेतृत्व सहायक तकनीकी प्रबंधक प्रखंड घोषी के आलोक कुमार के द्वारा किया जा रहा है। जिला कृषि पदाधिकारी एवं परियोजना निदेशक सुश्री संभावना के द्वारा किसानों के दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर उप परियोजना निदेशक राकेश कुमार एवं सहायक निदेशक प्रक्षेत्र इन्दू सिन्हा भी उपस्थित थे। इस परिभ्रमण कार्यक्रम में उक्त फसलों/फलों की बेहतर ढंग से खेती करने वाले प्रगतिशील किसानों के यहाँ उनके बाग बगीचे, खेत एवं प्लांट पर स्थल भ्रमण कराया जाएगा तथा संबधित कृषि विश्वविद्यालय एवं संस्थानों का परिभ्रमण कराया जाना है।

# भाजपा कि गलतफहमी भूल सुधार लिया है

भारतीय जनता पार्टी ने 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पारंपरिक राजनीति में कुछ बुनियादी बदलाव शुरू किए थे। 2014 में लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद चार राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे। उन चार में जम्मू कश्मीर की स्थिति अलग थी। हालांकि वहां भी भाजपा ने एक प्रयोग किया। लेकिन असली प्रयोग उसने महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड में किए। तीनों राज्यों में चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने महाराष्ट्र में पारंपरिक राजनीति से हट कर मराठा की बजाय गैर मराठा ब्राह्मण मुख्यमंत्री बनाया। हरियाणा में जाट की बजाय गैर जाट पंजाबी मुख्यमंत्री बनाया और झारखंड में आदिवासी की बजाय गैर आदिवासी साहू मुख्यमंत्री बनाया। 10 साल बाद भी हरियाणा में भाजपा गैर जाट राजनीति करती रही और महाराष्ट्र में भी शिव सेना तोड़ कर मराठा समुदाय के एकनाथ शिंदे को सीएम बनाने के बावजूद उसने अपनी पार्टी में गैर मराठा फडणवीस का नेतृत्व बनाए रखा। परंतु उसने झारखंड में 2019 का चुनाव हारने के बाद अपनी गैर आदिवासी राजनीति बदल दी। उसने पारंपरिक आदिवासी राजनीति साधने का प्रयास किया, जिस प्रयास में वह औंधे मुंह गिरी है। भाजपा को ऐसा लगा कि गैर आदिवासी रघुबर दास को मुख्यमंत्री बनाने की वजह से 2019 का चुनाव हारे। इसलिए उसने 2019 के चुनाव के तुरंत बाद रघुबर दास को किनारे कर दिया और बाबूलाल मरांडी की पार्टी का भाजपा में विलय कराया। विलय के तुरंत बाद मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। यह अलग बात है कि मरांडी के दो विधायक कांग्रेस में चले गए और दोनों तरफ से दलबदल का मामला स्पीकर के पास पहुंच गया, जिसकी वजह से मरांडी नेता विपक्ष नहीं बन सके। चुनाव से पहले भाजपा ने दलित समाज के अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष बनाया और बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बना कर उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने का मैसेज बनवाया। भाजपा को यह गलतफहमी थी कि उसने भूल सुधार कर लिया है और वो पड़ोसी राज्यों छत्तीसगढ़ व ओडिशा में आदिवासी मुख्यमंत्री बनाने से झारखंड में आदिवासी उसको वोट दे देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। उलटे गैर आदिवासी राजनीति के कारण जो समूह भाजपा के साथ ज्यादा मजबूती से जुड़े थे उन्होंने भी साथ छोड़ दिया। इसके अलावा भी भाजपा ने रणनीतिक गलतियां कीं, जिनसे वह 2024 का चुनाव हारी है, उन पर आगे बात करेंगे। पहले आदिवासी राजनीति पर बात करें तो भाजपा ने रघुबर दास को मुख्यमंत्री बना कर अलग अलग हिस्सों में बंटे आदिवासी समूहों को एक कर दिया। उससे पहले झारखंड के आदिवासी अलग अलग तरह से वोट करते थे। संथाल आदिवासी अलग वोट करते थे तो मुंडा, हो और उरांव आदिवासी अलग वोट करते थे। झारखंड मुक्ति मोर्चा संथाल आदिवासियों की पार्टी मानी जाती थी। तभी 2009 में मुख्यमंत्री रहते शिबू सोरेन दक्षिणी छोटानागपुर की तमाड़ सीट से उपचुनाव हार गए थे। वहां के मुंडा, उरांव और पातर आदिवासियों ने उनको वोट नहीं दिया था। परंतु 2014 के बाद यह स्थिति बदल गई। रघुबर दास को मुख्यमंत्री बनाने के बाद मोटे तौर पर सारे आदिवासी समूह एक हो गए। 2019 के चुनाव में इसका असर दिखा, जब हो आदिवासी वाले कोल्हान में भाजपा का खाता नहीं खुला। उसे 14 में से एक भी सीट नहीं मिली। वह राज्य की कुल 28 आदिवासी आरक्षित सीटों में से सिर्फ दो जीत पाई। इसी को ठीक करने के लिए उसने बाबूलाल मरांडी को प्रदेश का सर्वोच्च नेता बनाया। लेकिन आदिवासी समुदाय ने गांठ बांधी थी। इस बीच भाजपा ने एक और रणनीतिक गलती यह कर दी कि उसने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। साथ ही उनकी पार्टी तोड़ने का प्रयास किया। हेमंत ने जेल जाने के बाद जिन चम्पई सोरेन के मुख्यमंत्री बनाया था उनको भाजपा में शामिल कर लिया। इन सबकी ऐसी प्रतिक्रिया हुई कि भाजपा इस बार सिर्फ एक आदिवासी सीट जीत पाई और वह भी चम्पई सोरेन की है। यानी उसके अपने तमाम आदिवासी नेता चुनाव हार गए। आदिवासी वोट आकर्षित करने के लिए किया गया अत्यधिक प्रयास भाजपा को भारी पड़ गया। उसने चम्पई सोरेन को पार्टी में लेकर उनको और उनके बेटे को टिकट दिया। पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी को टिकट दिया और एक अन्य पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी को भी टिकट दिया। भाजपा के आदिवासी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव को भी चुनाव लड़ाया। शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन को पार्टी में लाकर उनको भी टिकट दिया। हालांकि पार्टी बाबूलाल मरांडी को किसी आदिवासी आरक्षित सीट से लड़ाने के लिए तैयार नहीं कर पाई। वे सामान्य सीट से ही चुनाव लड़े। वे तो जीत गए लेकिन सारे आदिवासी नेता चुनाव हार गए। ऊपर से आदिवासी वोटों के लिए बहुत प्रयास करते दिखने से भाजपा ने दूसरे समूहों में अपना समर्थन गंवाया। एक तरफ जहां आदिवासी वोट पूरी तरह से जेएमएम के साथ गोलबंद हुए तो आदिवासी के साथ साथ गैर आदिवासी समूहों का बड़ा हिस्सा उसकी सहयोगी पार्टियों कांग्रेस, राजद और लेफ्ट के साथ चला गया। भाजपा की एक और रणनीतिक गलती यह हुई कि उसने आदिवासी के बाद दूसरे सबसे बड़े वोट सदान यानी कुड़मी को अपने साथ जोड़ने का प्रयास नहीं किया। उसने इस वोट को बांटने का प्रयास किया। हालांकि 2019 से उलट 2024 में भाजपा ने सुदेश महतो की पार्टी आजसू से तालमेल कर लिया था लेकिन उसने एक नई परिघटना के तौर पर उभर रहे जयराम महतो को रोकने की बजाय उन्हें आगे बढ़ने में मदद की। ऐसी आम धारणा है कि भाजपा ने झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के 29 साल के जयराम महतो को परदे के पीछे से मदद की। उसके जरिए भाजपा को जेएमएम का महतो वोट तोड़ने और अपने सहयोगी सुदेश महतो को काबू में रखने का भरोसा था। लेकिन यह दांव उलटा पड़ गया। 2019 में जिस तरह से सुदेश महतो ने आठ फीसदी वोट काट कर भाजपा को एक दर्जन सीटें हरवा दी थीं। उसी तरह 2024 में जयराम महतो ने सात फीसदी वोट काट कर भाजपा को 13 सीटें हरवा दीं। 13 सीटों पर उनकी पार्टी को इतने वोट मिले, जो भाजपा की हार के अंतर से बहुत ज्यादा थे। जयराम महतो ने भाजपा और आजसू को बेरमो, सिल्ली, बोकारो, गोमिया, गिरिडीह, टुंडी, ईचागढ़, तमाड़, चक्रधरपुर, चंदनकयारी, सिंदरी, कांके और खरसावां में हरवा दिया। इसमें सुदेश महतो की भी सीट है और भाजपा की कई मजबूत सीटें हैं। रांची शहर की सीट है कांके, जहां भाजपा का उम्मीदवार 968 वोट से हारा और जयराम महतो के उम्मीदवार को करीब 26 हजार वोट मिले। भाजपा ने एक और रणनीतिक गलती यह कर दी कि काटो बांटो की राजनीति ज्यादा कर दी। इससे संथालपरगना में उसको फायदे की उम्मीद थी लेकिन आदिवासी, मुस्लिम का ध्रुवीकरण पहले से ज्यादा हो गया और भाजपा चार से घट कर एक सीट पर आ गई।

# सांस्कृतिक पहचान को कुचलने की कुचेष्टाएं कब तक?



आरती कुमारी

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक, धार्मिक एवं आर्थिक विरासत को कुचलने की चेष्टाएं अतीत से लेकर वर्तमान तक होती रही है। बहुत बड़ा सच है कि अगर किसी देश को नष्ट करना है तो उसकी सांस्कृतिक पहचान को खत्म कर दो। देश अपने आप नष्ट हो जाएगा। भारत पर हमला करने वाले विदेशी आक्रांताओं ने यही किया। इस्लामी आक्रांताओं ने न सिर्फ धन-संपदा लूटी बल्कि भारत की सांस्कृतिक और धार्मिक पहचान को खत्म करने के लिए बड़े पैमाने पर मंदिरों और धार्मिक स्थलों को तोड़ कर मस्जिदें बना दीं। भारतीय सभ्यता एवं संस्कृति के शत्रु एवं तथाकथित धर्म-निरपेक्षता की राजनीति करने वाले नेता इस बात को अधिक बेहतर समझते हैं, अतः उन्होंने इतिहास को झुठलाने, धुंधलाने और काल्पनिक बातें गढ़ने एवं फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया। हमारे नेताओं-नीतिकारों की नासमझी के कारण ही इसमें वे सफल भी रहे हैं। क्या यह स्थिति बदल रही है? देश में कुछ लोग सही इतिहास को उजागर करने एवं ऐतिहासिक विरासत को धुंधलाने एवं कुचलने की कुचेष्टाओं का परिमार्जन करने के लिये तत्पर हुए है, इसी का परिणाम है कि सैकड़ों वर्षों की गुलामी के बाद आज सनातन संस्कृति का पुनरुद्धार हो रहा है। अयोध्या, काशी, मथुरा के बाद संभल और अजमेर दरगाह जैसे मामलों में साक्ष्यों और दस्तावेजों के आधार पर भारत की सांस्कृतिक पहचान के प्रतीकों को हासिल करने के प्रयास हो रहे हैं। ऐसे प्रयासों के द्वारा अशांति फैलाने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि इतिहास बड़ी भूलों को सुधारना एवं वास्तविक तथ्यों को सामने लाना है। लेकिन, इसमें एक बड़ी बाधा है पूजा स्थल अधिनियम, 1991, जो देश में आजादी से पहले से मौजूद धार्मिक स्थलों जुड़े तथ्यों की खोजबीन की भी अनुमति नहीं देता है? क्या इसके चलते देश में आक्रांतवादी सोच एवं देश की विरासत को धुंधलाने की कोशिश पर पर्दा ही पड़ा रहेगा? ऐतिहासिक अन्याय, अत्याचार एवं राष्ट्र-विरोधी सोच एवं सच्चाई तो सामने आनी ही चाहिए। इस देश में उन विघटनकारी एवं संस्कृति-विरोधी लोगों की मर्जी कब तक चलती रहेगी? कब तक बात-बेबात हंगामा होता रहेगा? कब तक सांस्कृतिक पहचान को बेमानी साबित करने के षडयंत्र होते रहेंगे? इस सच से इंकार नहीं किया जा सकता कि इतिहास से न केवल छेडछाड़ हुई है बल्कि समृद्ध सांस्कृतिक इतिहास को निस्तेज भी किया गया है। इसी बात को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उजागर करते हुए कहा कि हमारे इतिहास के साथ छेड़छाड़ की गई है। अतीत में यह बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं, यह बात पूर्व में भी बार-बार अनेक नेताओं ने कही है, लेकिन इतिहास को सही रूप में पेश करने का काम नहीं हो पा रहा है और वह भी तब, जब सभी इससे परिचित हैं कि सच्चे इतिहास की जानकारी के अभाव में लोगों के बीच नासमझी की खाई चोड़ी ही होती है, झूठे इतिहास को ही लोग सच मानने से उनकी अपनी परम्परा एवं इतिहास के प्रति आस्था की बजाय घृणा बढ़ती है। अपनी इतिहास एवं संस्कृति की विलक्षण एवं विशेषताओं से दूरी बनाकर झूठे इतिहास के कसीदें पढ़ने से राष्ट्र के प्रति गौरव का भाव क्षीण होता है। ऐसी स्थितियों में राष्ट्रीय एकता, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के गौरवपूर्ण क्षण कैसे सामने आ सकते हैं। झूठे इतिहास के कारण लोग संगठित कैसे हो सकते हैं? उनके स्वर विपरीत ही होते हैं, जिससे एक-दूसरे से जुड़ना तो दूर आपसी द्वेष, नफरत एवं द्वंद्व की स्थितियां ही राष्ट्र पर हावी होती है। सही इतिहास जानने की इस महत्ता से हमारे नीति-निर्माता अनभिज्ञ रहे हैं। अन्यथा इस विषय पर यहां इतनी दलबंदी न होती। हमें एक असहिष्णु, उन्मादी एवं कट्टरवादी समाज बनने के रास्ते पर ही नहीं, बल्कि भीतर से ज्यादा से ज्यादा विभाजित एवं कमजोर समाज बनने के रास्ते पर धकेला जा रहा है। इस तरह की स्थितियां एवं मुहिमें देश की एकता एवं अखण्डता पर आघात करती है। भारतीयों ने गणित व खगोल विज्ञान पर प्रामाणिक व आधारभूत खोज की। शून्य का आविष्कार, पाई का शुद्धतम मान, सौरमंडल पर सटीक विवरण आदि का आधार भारत में ही तैयार हुआ। वसुधैव कुटुम्बकम का विचार इसी देश ने किया। अहिंसा यहां की जीवनशैली का सौन्दर्य रहा है, विविधता में एकता को हमने जीकर दिखाया है, लेकिन हमारी उदारता को आक्रांताओं एवं विभाजनकारी ताकतों ने हमारी कमजोरी मान लिया है। यही कारण है कि तात्कालिक एवं अतीत की कुछ नकारात्मक घटनाओं व प्रभावों ने जो धुंध हमारी सांस्कृतिक जीवन-शैली पर आरोपित की है, उसे सावधानी पूर्वक हटाना होगा। आज आवश्यकता है कि हम अतीत की सांस्कृतिक धरोहर को सहेजें और सवारें तथा उसकी मजबूत आधारशिला पर खड़े होकर नए मूल्यों व नई संस्कृति को निर्मित एवं विकसित करें। ऐसा करके ही हम नया भारत-सशक्त भारत निर्मित कर पायेंगे। समृद्ध संस्कृति भारत की एक विरासत है। इसमें धर्म, अध्यात्मवाद, ललित कलाएं, ज्ञान विज्ञान की विविध विधाएं, नीति, दर्शन, विधि, विधान, जीवन प्रणालियां और वे समस्त क्रियाएं और कार्य हैं जो उसे महान बनाती है। समय-समय पर इसका विविध संस्कृतियों के साथ संघर्ष, मिलन, परिवर्तन, परिवर्धन और आदान-प्रदान हुआ है। भारतीयों की अनेक भावनाओं पर शताब्दियों से समय-समय पर आती रहने वाली विविध जातियों ने बहुत पहले से ही अपना न्यूनाधिक प्रभाव डाल रखा था। परंतु इस्लाम के आ जाने पर भारतीय संस्कृति में एक हलचल सी मच गयी, सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करने के सलक्ष्य प्रयत्न हुए, कला, धार्मिकता, शिल्प के मन्दिरों को ध्वस्त करके मस्जिदों का निर्माण कराया गया। लेकिन इन ऐतिहासिक भूलों को सुधारने का अवकाश तो हमेशा से रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने संभल मस्जिद मामले में 29 नवंबर 2024 को स्थानीय अदालत की कार्यवाही पर अस्थायी रोक लगा दी। इस मामले में विपक्षी दल विशेषतः कांग्रेस एवं समाजवादी पार्टी उत्तरप्रदेश सरकार को जबरन घसीट रही है, जबकि सर्वोच्च अदालत शांति बनाये रखने के लिये मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सुनवाई करने का निर्देश दिया है। 24 नवंबर को अदालती निर्देश पर हुए सर्वे के दौरान खूनी हिंसा, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई थी, उसके बाद सर्वोच्च न्यायालय ने जो निर्णय दिया, उसका मर्म यह है कि मामले में फैसला इस बात पर निर्भर करेगा कि क्या सच है या फिर कौन समुदाय कितना उपद्रव करता है और वह शासन-व्यवस्था के लिए कितनी बड़ी चुनौती बन सकता है। अर्थात चाहे 'अन्याय' कितना भी बड़ा हो, अदालत 'न्याय' से अधिक 'शांति-सद्भावना' को वरीयता देगी। देरसबेर न्याय होता हुआ देखा भी गया है, अयोध्या में बना श्रीराम मन्दिर इस का उदाहरण है। आक्रांताओं द्वारा नष्ट किए गए धार्मिक स्थल सिर्फ धार्मिक प्रतीक नहीं हैं, बल्कि वे भारत की सभ्यता एवं संस्कृति की ऊंच रोशनी की मीनारें है। कांग्रेस ने इनके दमन का ही सिलसिला जारी रखा। इस तरह इतिहास का मिथ्याकरण और देश की नई पीढ़ी को उनके पूर्वजों के वास्तविक अनुभवों को जानने से वंचित रखना हर हाल में गलत है, त्रासद है, विडम्बनापूर्ण है। कठोर वास्तविकताएं एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत भारत का यथार्थ है तो अप्रिय प्रवृत्तियां, विभाजनकारी सोच एवं समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का विध्वंस भी बड़ा यथार्थ है। मुगल शासक हो या अंग्रेजी शासक या आजादी के बाद की सरकारें -राजनीतिक उद्देश्यों एवं वोट की राजनीति के चलते मुस्लिम तुष्टीकरण को अपनाया। यही कारण है कि भारत पर अन्याय-अत्याचार करने एवं आक्रांता बन देश को लुटने वालों को हमने हीरो बनाया और उनके नाम पर प्रमुख मार्गों का नामकरण किया, पाठ्य-पुस्तकों में उनको महिमामंडित किया। लेकिन यहां लंबे समय से इतिहास और वर्तमान के अप्रिय प्रसंगों पर चुप्पी की परंपरा बनी हुई है। अब यह चुप्पी टूट रही है तो निश्चित ही दूध का दूध एवं पानी का पानी होकर रहेगा। भारत अपनी समृद्ध विरासत को पुनः नये शिखर पर स्थापित कर पायेगा। मस्जिदें हो या अन्य ऐतिहासिक धरोहर -उनके झूठे इतिहास एवं तथ्यों और उनके तमाम प्रचलित निष्कर्ष निराधार हैं, भ्रामक है, बेबुनियाद है, जिन्हें राजनीतिक उद्देश्य से प्रचारित किया गया। जबकि सच्ची बातों और कटु स्मृतियों का दमन हुआ। हालांकि ऐसी स्मृतियां मिटती नहीं, वे तो ज्वालामुखी होकर फटती हैं, सच को सामने लाती है।

# क्या टीएमसी, सपा और आम आदमी पार्टी इंडिया गठबंधन से किनारा करना चाहती है ?

अशोक भाटिया, मुंबई

सोमवार को संसद की कार्यवाही शुरू होने से पहले इंडिया गठबंधन के नेताओं की एक बैठक राज्य सभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के कमरे में हुई, जिसमें लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी पहुंचे। हालांकि उस बैठक में तृणमूल कांग्रेस के सांसद नदारद रहे। इसकी आशंका पिछले शुक्रवार को ही हो गयी थी, जब चार दिन तक अडानी प्रकरण को लेकर संसद संसद का कामकाज बाधित रहा। टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस को पहले ही पार्टी ने अपने रुख से अवगत करा दिया था। इस प्रकरण से कहा जा सकता है कि लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने के इरादे से बनाए गए इंडिया गठबंधन में बिखराव देखने मिल रहा है। संसद के शीतकालीन सत्र के लिए कई मुद्दों को लेकर विपक्षी गठबंधन में आपसी सहमति नहीं बन पा रही है। एक तरफ जहां कांग्रेस चाहती है कि गौतम अडानी और ईवीएम के मुद्दे को सदन में उठाया जाए तो वहीं कई दल चाहते हैं कि ऐसे मुद्दों को सदन में उछाला जाए, जिसका जनता से सीधा सरोकार हो। सूत्रों ने कहा कि जब केवल कॉरपोरेट को लाभ होता है और चुनावी प्रक्रिया में खामियां हैं और विकल्पों को नकार दिया जाता है, तो यह लोगों का मुद्दा कैसे नहीं हो सकता है। इस बैठक में इंडिया ब्लॉक के संस्थापक सदस्य तृणमूल कांग्रेस ने हिस्सा न लेना ही एक बड़ा मुद्दा बन गया है । तीसरी बार बैठक में भाग न लेने वाली पार्टी का कहना है कि यह स्पष्ट हैं कि हम लोगों के मुद्दों पर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं।टीएमसी के मुताबिक, क्रोनी कैपिटलिज्म और ईवीएम जैसे मुद्दे लोगों को पसंद नहीं आते। पार्टी ने सवाल करते हुए कहा, "उन इलाकों को देखिए जहां राहुल गांधी ने प्रचार किया है। अगर उन्होंने जो कहा वह लोगों के लिए मायने रखता तो कांग्रेस क्यों हारी?" वहीं, टीएमसी, समाजवादी पार्टी (एसपी) और आम आदमी पार्टी (आप) जैसे सहयोगी दल कांग्रेस के ईवीएम और क्रोनी कैपिटलिज्म के प्रति "जुनून" को लेकर उत्साहित नहीं हैं। जबकि कांग्रेस ने 'भारत जोड़ो' की तर्ज पर 'ईवीएम जगाओ यात्रा' की योजना बनाई है और इंडिया ब्लॉक पार्टियों को इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है, उनमें से अधिकांश ने बहुत कम रुचि दिखाई है। कुछ लोगों ने यह भी पूछा कि क्या यह यात्रा उन राज्यों से होकर गुजरेगी जहां कांग्रेस ने चुनाव जीता है। बता दें कि दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बड़ा ऐलान किया है। अरविंद केजरीवाल ने बीते रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में 2025 के विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस के साथ किसी भी गठबंधन से इनकार किया है। टीएमसी का साफ कहना है कि उनकी पार्टी के सांसद जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़ना चाहते हैं जिनमें- महंगाई, बेरोजगारी, किसान, उर्वरक और मणिपुर हिंसा जैसे मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही सपा चाहती है कि इन मुद्दों के साथ-साथ संभल हिंसा को भी जोड़ दिया जाए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने कहा भी कि हमारे लिए अडानी से बड़ा मुद्दा किसान हैं और संभल हिंसा है। इंडिया गठबंधन ब्लॉक में विभाजन के पीछे असली राजनीति भी छिपी है। उदाहरण के लिए, दिल्ली में यह स्पष्ट है कि आप और कांग्रेस सहयोगी नहीं होंगे। बंगाल में टीएमसी और कांग्रेस कभी एक दूसरे से सहमत नहीं हो सकते। यूपी में अखिलेश यादव ने कहा है कि कांग्रेस खत्म हो चुकी है। दरअसल गठबंधन में शामिल दलों के अपने अलग-अलग मुद्दे हैं, लेकिन कांग्रेस सिर्फ अडानी प्रकरण पर प्रधानमंत्री को घेरने की कोशिश में लगी है। अन्य दलों को अब लग रहा है कि वे अपने मुद्दे को कांग्रेस के कारण सदन में नहीं उठा रहे हैं। सपा अपना फोकस यूपी पर करना चाहती है, लेकिन सदन नहीं चलने के कारण संभल सहित प्रश्न पत्र लीक प्रकरण को वह अब तक नहीं उठा पायी है। राजद भी बिहार से संबंधित कई मुद्दों को संसद में उठाना चाह रहा है। यही हाल डीएमके का भी बताया जा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या उन सांसदों के सामने है, जो अब तक अपना मेडन स्पीच भी संसद में नहीं दे पाये है। पहली बार चुनकर आये कई सांसदों ने अपने-अपने दल के नेताओं से अपनी पीड़ा व्यक्त की है। कांग्रेस के कई सांसद भी यह मानने लगे हैं कि संसद न चलने का ज्यादा नुकसान उन्हें ही हो रहा है। सरकार को कटघरे में खड़ा करने का समय उनके हाथ से निकल रहा है।क्योंकि सरकार से कोई सवाल नहीं पूछा जा रहा है और सरकार आंकड़ों में हेर-फेर कर सदन के बाहर देश को गुमराह कर रही है। जबकि संसद में सरकार की ओर से कोई आंकड़ा दिया जाता है, तो सरकार को उसके लिए उत्तरदायी ठहराया जाता है। सोमवार को जब लोकसभा अध्यक्ष की ओर से सर्वदलीय बैठक बुलायी गयी, तो संविधान पर चर्चा भाग न लेने का विकल्प विपक्ष के पास नहीं था। कांग्रेस लोगों के बीच यह संदेश नहीं देना चाहती कि संविधान की रट लगाने वाले पार्टी संविधान पर होने वाली चर्चा में भाग लेने से पीछे हट रही है। यही कारण रहा कि संविधान पर चर्चा को लेकर सभी दलों ने हामी भरी, लेकिन संसद के सुचारू संचालन में अभी कई बाधाएं है, जिसे दूर करने की जरूरत होगी। कुछ कांग्रेस सांसद तो अब यहां तक कहने लगे है कि प्रियंका गांधी के लोकसभा में आने से रणनीति में कुछ बदलाव देखने को मिल सकता है। उनके मुताबिक प्रियंका ज्यादा प्रैक्टिकल हैं, वे वायनाड में भी जनता के ही मुद्दों पर फोकस कर रही थीं, ऐसे में यहां भी उनकी प्राथमिकता ऐसी ही देखने को मिल सकती है। अब समझने वाली बात यह है कि कांग्रेस के कई सांसदों में रोष है, लेकिन राहुल गांधी के खिलाफ जाने की हिम्मत किसी में नहीं। यह बात अब जगजाहिर हो चुकी है कि राहुल गांधी के लिए अडानी मुद्दा सबसे ज्यादा प्रिय है, वे इसी के सहारे चुनावों में उतरते हैं और सीधे पीएम मोदी को निशाने पर लेते हैं। संसद में भी वे सिर्फ इसी मुद्दे के दम पर केंद्र को पूरी तरह आइसोलेट करना चाहते हैं। लेकिन अब जब सदन कई दिनों से नहीं चल पा रहा है, कांग्रेस के ही सांसद मानने लगे हैं कि इस तरह से संसद को बाधित रखना ठीक नहीं। ऐसी स्थिति में सरकार की जवाबदेही तय करना और ज्यादा मुश्किल हो जाएगा। उधर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की बुरी हार के बाद टीएमसी ने उसके नेतृत्व पर ही सवाल उठाने शुरू कर दिए है। तृणमूल कांग्रेस ने बंगाल के सभी 6 विधानसभा उपचुनावों में जीत हासिल की है वहीं महाराष्ट्र में कांग्रेस की हार को लेकर INDIA अलायंस के नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी उठा दी है। पार्टी के सीनियर लीडर और सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा है कि कांग्रेस को अहंकार अपना किनारे रखना चाहिए और ममता बनर्जी को INDIA ब्लॉक का लीडर घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि गठबंधन को एक मजबूत और निर्णायक नेतृत्व की जरूरत है। टीएमसी सांसद ने दावा किया कि ममता बनर्जी के पास मजबूत नेतृत्व है। साथ ही, उनके जमीनी स्तर से जुड़ाव ने उन्हें विपक्षी गठबंधन के लिए सबसे कारगर व्यक्ति बना दिया है। रक्तदान शिविर में बोलते हुए कल्याण बनर्जी ने कहा, 'कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को हाल के चुनावों में मिली विफलता को स्वीकार करना होगा। अब व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं पर एकता को प्राथमिकता देने की जरूरत है। उन्हें अपना अहंकार छोड़ देना चाहिए और ममता बनर्जी को इंडिया गुट के नेता के रूप में स्वीकार करना होगा।' तृणमूल सांसद कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री ममता के भाजपा से लड़ने के ट्रैक रिकॉर्ड का जिक्र किया। उन्होंने ममता बनर्जी को सिद्ध नेता बताते हुए कहा, 'वह पूरे देश में एक लड़ाकू के रूप में पहचानी जाती हैं। उनका नेतृत्व और जनता से जुड़ने की क्षमता उन्हें आदर्श चेहरा बनाती है। इसलिए एकजुट और व्यावहारिक दृष्टिकोण के बिना विपक्ष के प्रयास लड़खड़ाते रहेंगे।'

## शब्द पहेली - 8331



**बाएँ से दाएँ**

1. घ्राणेंद्रिय-2
2. लंबी गर्दन वाला पशु-3
4. आफत, मुसीबत-2
6. लाचार-3
7. आसरा, मदद-3
8. आश्रय, शरण-3
9. राज कपूर की पोती-3
10. कर्म, भाग्य-3
11. दासत्व, गुलामी-3
13. आर्टिकल-2
14. इच्छा, लालसा-3
15. दुगना, दोगुना-2
16. भार-3
17. टेसू के फूल-3
18. राजा का भवन-3
19. चौकसी-2
20. प्रेमी, साजन-3
21. कैनाल, उपनदी-3
23. जीवन सत्व, प्राण-2
24. प्रहार, आक्रमण-3
25. ठाठ-बाट-2

**ऊपर से नीचे**

1. अभिमान-2
2. मारना, वध करना-2
3. नृत्य, कृष्णलीला-2
4. अपव्यय करना-3
5. वेस्टइंडीज का कप्तान-2
6. अज्ञात, अनाम-3
7. नदी, दरिया-3
8. जांच, परीक्षण-3
9. परीक्षा करना-3
10. जिगर-3
11. आंचल-3
12. नाश, विध्वंस-3
14. अंजन, नेत्रांजन-3
15. लाडला-3
16. शक, संदेह-3
17. तीन घंटे का समय-3
18. चिंतन-3
19. प्रथम-3
20. दंड, शिक्षा-2
21. आंशिक भीगा हुआ-2
22. प्राण, जीवन तत्व-2

### शब्द पहेली -8330 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore




**मेष राशि–** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन काम करने में लगा रहेगा। आज आपकी व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा, लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी। किसी भी मामले पर बहस करने से बचें। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

**वृष राशि–** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। किसी को अपनी बातों से सहमत करवाना चाह रहे हैं तो सावधानी बरतें क्योंकि जबरदस्ती से आपको ही नुकसान हो सकता है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू से जॉब का ऑफर आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आज आप परिवार वालों की कुछ इच्छाएं पूरी कर सकते हैं। आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी।

**मिथुन राशि–** आज आपका दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे।आपको व्यापार में उम्मीद से कुछ कम ही लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे।

**कर्क राशि–** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहनका सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार वालों के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी।

**सिंह राशि–** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नए काम या कोशिश कर सकते हैं। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें। आपको फायदा भी हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार वालों के साथ समय बिताएंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा।

**कन्या राशि–** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है, जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। आज पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे हो सकते हैं। कामकाज निपटाने के नए तरीके भी आपको मिल सकते हैं। दोस्तों के साथ संबंधों में सुधार हो सकता है। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं।

**तुला राशि–**आज का दिन बेहद खास होने वाला है। परिवार में किसी ख़ास रिश्तेदार के आने से ख़ुशी का माहौल बनेगा। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं। हर तरह के काम निपटाने के लिए तैयार रहेंगे।

**वृश्चिक राशि–** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। आज किसी असहाय की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**धनु राशि–** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह विवाद से बचें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। डिप्रेशन की समस्या से आपको आराम मिलेगा।

**मकर राशि–** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह जरूर करेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा। बिजनेस में आपको कठिन मेहनत से अच्छा लाभ होगा।

**कुंभ राशि–** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज काम-धंधे पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं। रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है। मित्रों से मिलने उनके घर जा सकते हैं। आपकी दोस्ती और भी अधिक मजबूत होगी। आज आप किसी सामाजिक काम का हिस्सा बनेंगे।

**मीन राशि–** आज आपका दिन जोश से भरा रहने वाला है। कुछ लोगों पर और कुछ काम पर संदेह रहेगा। असुरक्षा की भावना भी रहेगी। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छाएं पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े हैं, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी। बाहर के ऑयली खान पान से परहेज करें, आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।

# बुमराह की गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी : हेड



**एडिलेड।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि आने वाले समय में उनकी गिनती महानतम खिलाड़ियों में होगी। बुमराह ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट मैच में बेहतरीन प्रदर्शन कर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। हेड ने कहा, 'बुमराह को इस खेल को खेलने वाले सबसे महान तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में जाना जाएगा। अभी हम यह पता लगाने का प्रयास कर रहे हैं कि वह हमारे लिए किस प्रकार की चुनौती पेश करते हैं। उसके खिलाफ खेलना अच्छा है। जब मैं भविष्य में अपने करियर पर नजर डालूंगा तो बड़े गर्व से अपने पोते पोतियों को बताऊंगा कि मैंने बुमराह जैसे गेंदबाज का सामना किया था। इसलिए उनके खिलाफ खेलना नुकसानदेह नहीं है। उम्मीद है मुझे आगे भी उनके खिलाफ खेलने का अवसर मिलेगा हालांकि उनका सामना करना चुनौती पूर्ण है। हेड भारत के खिलाफ पर्थ में अर्धशतक बनाने वाले अकेले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज थे जब बुमराह के सामने शीर्ष क्रम रनों के लिए संघर्ष कर रहा था तो वह जमे रहे। इस खिलाड़ी ने कहा, 'यह निश्चित है कि अन्य खिलाड़ी इसके बाद भी मुझसे बल्लेबाजी की सलाह नहीं लेंगे क्योंकि प्रत्येक खिलाड़ी के खेलने का अपना तरीका होता है। दोनों टीमें अब शुक्रवार से एडिलेड में दिन-रात का टेस्ट खेलेंगी जहां भारतीय टीम साल 2020 में 36 रन पर आउट हो गयी थी। हेड ने उस मैच को याद करते हुए कहा, 'मुझे याद है कि वह मैच जल्दी समाप्त हो गया था। हमने उस मैच का भरपूर आनंद लिया था। फिर से ऐसा करना अच्छा होगा पर मुझे नहीं लगता कि अगले मैच में ऐसा करना आसानप होगा। हेड ने ये भी कहा कि टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी इकाई के बीच किसी तरह का मतभेद नहीं है जिससें उन्होंने कहा था कि दोनो विभागों को पूरी क्षमता और जिम्मेदारी से प्रदर्शन करना होगा। हेड को पूरा विश्वास है कि पहले टेस्ट में करारी हार के बावजूद उनकी टीम वापसी करने में सफल रहेगी। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम विपरीत हालातों से अच्छी तरह से निपटती है। पिछले तीन या चार वर्षों में हमने हर चुनौती का अच्छी तरह से सामना करते हुए वापसी की है।।

# आईपीएल 2025 नीलामी में अच्छी टीम मिली : पांड्या

**मुम्बई।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने कहा कि है कहा है कि 2025 आईपीएल सत्र के लिए जो टीम नीलामी के बाद उन्हें मिली है वह अच्छी है। साथ ही कहा कि वह ऐसी ही टीम चाहते थे। पांड्या के अनुसार नीलामी में वह जिन खिलाड़ियों को चाहते थे, उनके बारे में कोचिंग स्टाफ के साथ संपर्क में भी बने हुaए थे। आईपीएल नीलामी में मुम्बई ने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के अलावा ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपले जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को भी शामिल किया है। इसके अलावा गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी शामिल किया गया है। हार्दिक ने सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में कहा, मैं संपर्क में था, हम वास्तव में किसके लिए जा रहे हैं और मुझे लगता है कि हम नीलामी से काफी अच्छे निकले हैं और टीम अच्छी दिख रही है। हमने




सही मिश्रण पाया है, जिसमें अनुभवी खिलाड़ी हैं। बोल्ट वापस आ गए हैं, दीपक चाहर, अच्छा ऑलराउंडर हैं, और साथ ही विल जैक्स, रॉबिन मिंज और रिकेल्टन जैसे युवा खिलाड़ी, जो नए हैं। इसलिए मुझे लगता है कि हमने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने सभी आधारों को कवर किया है। उन्होंने कहा, नीलामी की गतिशीलता हमेशा मुश्किल होती है। आप जानते हैं कि जब आप इसे लाइव देख रहे होते हैं, तो यह बहुत रोमांचक होता है और भावनाएं हमेशा ऊपर-नीचे होती रहती हैं क्योंकि आप इस खिलाड़ी को चाहते हैं लेकिन कभी-कभी आप हार जाते हैं। बहुत भावुक न होना बहुत महत्वपूर्ण है, और अंत में हमें एक पूरी टीम बनानी होगी।

# डब्लयूटीसी फाइनल की रेस में भारत सहित चार टीमें फाइनल की दौड़ में बरकरार

**मुम्बई।** आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल की रेस में इस समय भारत सहित चार टीमें फाइनल में प्रवेश की दावेदार हैं जबकि पांचवी टीम न्यूजीलैंड का फाइनल में पहुंचना अन्य टीमों के परिणाम पर भी आधारित रहेगा। डब्लयूटीसी फाइनल अगले साल खेला जाएगा। इसमें अंक तालिका में अभी भारतीय टीम शीर्ष पर है। भारतीय टीम टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में 61.11 जीत प्रतिशत के साथ ही पहले स्थान पर है। उसे अभी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मुकाबले खेलने जिससे में उसे फाइनल में जगह बनाने के लिए तीन जीतने होंगे। वहीं दूसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की टीम 59.26 जीत प्रतिशत के साथ है। उसे एक मैच श्रीलंका और दो मैच पाकिस्तान से खेलने हैं। इन तीनों ही टेस्ट में से दो ही उसे जीतने हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम 57.69 जीत प्रतिशत हासिल करके टेस्ट चैंपियनशिaप टेबल में तीसरे नंबर पर है। उसे भारत के साथ 4 जबकि श्रीलंका से 2 टेस्ट मैच खेलने हैं। इन 6 मुकाबले में से ऑस्ट्रेलिया को 4 जीत चाहिये रहेगी। वहीं न्यूजीलैंड की टीम को इंग्लैंड से बेच हुए दो टेस्ट मैच जीतने के अलावा अन्य टीमों के परिणामों पर भी आधारित रहना होगा। अंक तालिका में न्यूजीलैंड 50.00 जीत प्रतिशत के साथ चौथे नंबर पर है। वहीं श्रीलंका की टीम अंक तालिका में इस समय 5वें स्थान पर है। उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक और ऑस्ट्रेलिया से दो टेस्ट मैच खेलना है और इनमें से तीनों ही जीतने होंगे।




# ईशान की कमी खलेगी : हार्दिक

## पता था नीलामी में हासिल नहीं कर पायेंगे

मुंबई (ईएमएस)। मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसके पास किस प्रकार का कौशल है।हम जानते हैइसलिए इस सत्र में हमें उसकी कमी खलेगी । पंड्या ने कहा कि जब हम उसे रिटेन नहीं कर पाये तभी समझ गये थे कि अब उसे हासिल करना संभव नहीं होगा। ईशान को आईपीएल 2025 के लिए हुई नीलामी में सनराइजर्स हैदराबाद ने 11.25 करोड़ रुपए में खरीदा है। मुंबई इंडियंस ने 3.20 करोड़ रुपये के बाद ईशान पर बोली लगाना बंद कर दिया था। किशन का आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। मुंबई इंडियंस के एक वीडियो में पंड्या ने ईशान को टीम की ताजगी और ऊर्जा बताया है। साथ ही कहा कि जब हम उसे रिटेन



नहीं कर पाए तो हमें हमेशा पता था कि उसे नीलामी में फिर से प्राप्त करना कठिन होगा क्योंकि हम जानते थे कि वह किस तरह का खिलाड़ी है और उसके पास किस तरह का कौशल है। उसके टीम के साथ छह साल जुड़े रहने के दौरान ही मुंबई ने 2018-24 के बीच दो बार खिताब जीता। पंड्या ने कहा कि वह हमेशा ड्रेसिंग रूम को उत्साहित बनाये रखता था। यह प्यार और गर्मजोशी उसके लिए बहुत स्वाभाविक थी, हमें उसकी कमी खलेगी।

# जोकोविच ने इस कारण बनाया मर्रे को अपना नया कोच

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के स्टार खिलाड़ी जुआन मार्टिन डेल पोत्रो के लिए विदाई मैच को खेलने आये सर्बियाई टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ब्रिटेन के शीर्ष खिलाड़ी एंडी मर्रे को अपना नया कोच बनाया है। जोकोविच के अनुसार वह मर्रे को अच्छी तरह से जानते हैं। इसलिए उन्होंने उसे अपना कोच बनाया है। जोकोविच ने कहा है कि जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के लिए वह मर्रे के साथ ही अभ्यास करेंगे। मार्च में गोरान इवानिसेविच से अलग होने के बाद से पूर्णकालिक कोच के बिना खेल रहे जोकोविच ने कहा, 'वह मेरे खेल और जिन परिस्थितियों से मैं गुजरा हूं उन्हें अच्छी तरह से समझता है। वह जानता है कि मेरे खेल में क्या कमजोरियां हैं। जोकोविच ने कहा, 'जब मैं जूनियर वर्ग में खेला करता था तब से मैंने उनके खिलाफ काफी टेनिस खेली है और ऐसे



बहुत कम खिलाड़ी हैं जिन्होंने कई ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। उन्होंने टेनिस इतिहास में किसी भी अन्य खिलाड़ी की तुलना में नंबर एक पर सबसे अधिक सप्ताह बिताए हैं। मर्रे ने तीन ग्रैंड स्लैम खिताब और दो ओलंपिक एकल स्वर्ण पदक जीते। वह 2016 में एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर रहे। उन्होंने अगस्त में पेरिस ओलंपिक के बाद संन्यास ले लिया था। मर्रे और जोकोविच दोनों की उम्र भी तकरीबन 37 वर्ष के है। वे जूनियर वर्ग से एक दूसरे के खिलाफ खेलते रहे हैं। पेशेवर खिलाड़ी के रूप में इन दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ 36 मैच खेले जिनमें जोकोविच ने 25 और मर्रे ने 11 मैच में जीत दर्ज की।

## व्यापार

# भारत दुनिया के शीर्ष 10 उच्च मूल्य वाले उत्पादों के निर्यातकों में शामिल

**नई दिल्ली।** वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बनने की यात्रा में भारत ने कई प्रमुख उत्पाद श्रेणियों के निर्यात में तीव्र वृद्धि दर्ज की है। देश ने वर्ष 2023 में 1 अरब डॉलर से ज्यादा के निर्यात मूल्य के साथ शीर्ष दस वैश्विक आपूर्तिकर्ताओं में अपनी रैंक को बनाए रखने के साथ-साथ इसमें सुधार किया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक कीमती पत्थरों के वैश्विक बाजार पर अपना दबदबा बनाने से लेकर सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रिकल कंपोनेंट जैसे उन्नत क्षेत्रों में पैठ बनाने तक भारत का निर्यात प्रदर्शन देश की बढ़ती आर्थिक ताकत को दर्शाता है। मंत्रालय ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर पर देश के रणनीतिक फोकस ने प्रभावशाली परिणाम दिए हैं। आंकड़ों से पता चलता है कि 2014 में निर्यात 0.23 अरब डॉलर से बढ़कर



India's Global Export Landscape

Global Rank

| Sr. No. | 4HS Code | Description | Global Rank 2014 | Global Rank 2023 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 7104 | Precious & Semi-Precious Stones | 11 | 1 |
| 2 | 2710 | Petroleum Oils & Oils obtained from Bituminous Minerals | 5 | [illegible] |
| 3 | 1701 | Cane or Beet Sugar | 4 | [illegible] |
| 4 | 3808 | Insecticides, Rodenticides, Fungicides & Similar Products | 5 | [illegible] |
| 5 | 2707 | Other Coal Tar Distillation Products | 14 | [illegible] |

2023 में 1.91 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में 1.40 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई, जिससे 9वां स्थान हासिल हुआ, जो 2014 में 20वें स्थान से महत्वपूर्ण उछाल है। यह प्रगति वैश्विक सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती भूमिका को उजागर करती है, जिससे घरेलू विनिर्माण और नवाचार को बढ़ाने के प्रयासों से समर्थन मिलता है। मंत्रालय के मुताबिक कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के निर्यात में भारत ने खुद को विश्व नेता के रूप में स्थापित किया है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी वर्ष 2014 में 2.64 अरब से बढ़कर वर्ष 2023 में 36.53 फीसदी हो गई। इसके साथ ही 1.52 अरब डॉलर के मूल्य के निर्यात ने भारत की सदियों पुरानी शिल्पकला और रत्न प्रसंस्करण में आधुनिक तकनीक को अपनाने को उजागर किया है। आंकड़ों के अनुसार इलेक्ट्रिक मोटर और जनरेटर के पुर्जों के निर्यात में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज गई है, जो 2023 में 1.15 अरब डॉलर तक पहुंच गई है, जिसकी वैश्विक हिस्सेदारी 4.86 फीसदी है, जिससे भारत 2014 में 21वें स्थान से छठे स्थान पर पहुंच गया है। ये वृद्धि अक्षय ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन घटकों की बढ़ती वैश्विक मांग के अनुरूप है, जो भारत को इस परिवर्तनकारी उद्योग में एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता के रूप में स्थापित करती है। मंत्रालय के मुताबिक पेट्रोलियम क्षेत्र (पेट्रोलियम तेल और बिटुमिनस खनिजों से प्राप्त तेल) में नाटकीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें निर्यात मूल्य 2014 में 60.84 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 84.96 अरब डॉलर हो गया है, जिससे वैश्विक बाजार में







इसकी हिस्सेदारी 12.59 फीसदी हो गई है। इस महत्वपूर्ण छलांग ने भारत को उन्नत रिफाइनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा संचालित दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के स्थान पर पहुंचा दिया है। आंकड़ों के मुताबिक 2023 तक देश का निर्यात 4.32 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया, जो 2014 में 5.89 फीसदी से बढ़कर 10.85 फीसदी की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी को दर्शाता है। अनुसंधान और विकास में निवेश अंतरराष्ट्रीय कृषि मानकों के अनुपालन के साथ भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक बना दिया है। यह वृद्धि टिकाऊ कृषि को समर्थन देने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है। भारत के चीनी निर्यात में भी असाधारण वृद्धि देखी गई है। गन्ना या चुकंदर चीनी के वैश्विक बाजार में देश की हिस्सेदारी 2014 में 4.31 फीसदी से बढ़कर 2023 में 12.21 फीसदी हो गई है। निर्यात मूल्य 2023 में 3.72 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे भारत की दूसरे सबसे बड़े चीनी निर्यातक के रूप में स्थिति मजबूत हुई। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र ने उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है, जो विद्युत ट्रांसफार्मर और संबंधित घटकों के निर्यात में परिलक्षित होती है, जो 2014 में 1.08 अरब डॉलर से बढ़कर 2023 में 2.85 अरब डॉलर हो गया। भारत की वैश्विक बाजार हिस्सेदारी 2023 में बढ़कर 2.11 फीसदी हो गई, यह 2014 में 17वें स्थान से बढ़कर 10वें स्थान पर है। भारत ने रबर न्यूमेटिक टायर निर्यात में उल्लेखनीय प्रगति की है, जो 2023 में 2.66 अरब डॉलर तक पहुंच गया। इसकी वैश्विक बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 3.31 फीसदी हो गई, जिससे यह 8वें स्थान पर पहुंच गया, जो 2014 में 14वें स्थान से उल्लेखनीय छलांग है। इसके अलावा कोल टार डिस्टिलेशन उत्पादों का भारत का निर्यात 2023 में 1.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे वैश्विक बाजार में 5.48 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई और औद्योगिक मूल्य श्रृंखलाओं में इसके महत्व को दर्शाते हुए वैश्विक स्तर पर चौथा स्थान हासिल हुआ। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक भारत अपने निर्यात पोर्टफोलियो में वैश्विक उपस्थिति को मजबूत करता है, जो 2047 तक वैश्विक आर्थिक शक्ति बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए तैयार है। यह वृद्धि भारत के गुणवत्ता, लागत प्रतिस्पर्धात्मकता और विविध बाजारों, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में सेवा करने की क्षमता पर जोर देती है। इसी तरह, नल, वाल्व और औद्योगिक उत्पादों का निर्यात 2023 में 2.12 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जिससे वैश्विक बाजार में 2.16 फीसदी की हिस्सेदारी हासिल हुई और भारत को वैश्विक स्तर पर 10वां स्थान मिला है।

## देश राज्यों से बड़ी खबरें

1 PM नरेंद्र मोदी चंडीगढ़ पहुँचे,3 नए क्रिमिनल कानूनों की समीक्षा किए,अमित शाह भी मौजूद रहें;एरिया नो फ्लाइंग जोन घोषित

2 पीएम मोदी ने सांसदों संग देखी 'द साबरमती रिपोर्ट'! कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी बोले:रोम जल रहा, नीरो बांसुरी बजा रहा'

3 विकसित भारत के लिए छोटे किसानों की आय बढ़ाना जरूरी,पीएम के प्रधान सचिव बोले:कृषि पर इनका वर्चस्व

4 नौसेना होगी मजबूत: 26 राफेल-3 स्कॉर्पीन पनडुब्बियां बेड़े में होंगी शामिल;पड़ोसियों की हर हरकत पर रहेगी नजर

5 संसद के शीतकालीन सत्र का छठा दिन,आज से सदन में सार्थक चर्चा करेंगे पक्ष-विपक्ष,हंगामा न करने को लेकर सहमति बनी

6 यूपी के किसान एक हफ्ते तक दिल्ली मार्च नहीं करेंगे,अफसरों से बैठक के बाद समझौता,कल दोपहर में पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ दी थी

7 महाराष्ट्र में भाजपा विधायक दल की बैठक 4 दिसंबर को,पार्टी ने निर्मला और विजय रूपाणी को पर्यवेक्षक बनाया;अजित पवार दिल्ली पहुंचे

8 बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को शुभेंदु की चेतावनी,बोले:हिंदुओं पर हमले रोको वरना निर्यात पर लगेगा बैन

9 तमिलनाडु CM बोले: तूफान फेंगल से 12 मौतें हुईं,PM को लिखा:2 करोड़ लोग प्रभावित,तत्काल 2 हजार करोड़ का फंड रिलीज करें

10 धीरेंद्र शास्त्री को मिली जान से मारने की धमकी,संभल के हरिहर मंदिर को लेकर दिया था बयान

11 इस साल शीतलहर से डरने की जरूरत नहीं, मौसम विभाग ने कहा: भारत में हल्की सर्दी पड़ने के साथ शीतलहर वाले दिन कम होंगे,साथ ही इस मौसम में न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान जताया है

12 लोकसभा में 13-14 दिसंबर को संविधान पर होगी बहस,सर्वदलीय बैठक में संसद में गतिरोध समाप्त

13 J&K:श्रीनगर में सुरक्षा बलों व आतंकियों के बीच मुठभेड़,दोनों तरफ से क्रास फायरिंग जारी

14 US:मेरे पद ग्रहण करने से पहले बधकों को रिहा करे वरना...ट्रंप की हमास को गंभीर परिणााम भुगतने की चेतावनी

15 असम से आधार कार्ड बनवाकर मणिपुर में नौकरी कर रहे थे बांग्लादेशी,29 अरेस्ट

16 सिगरेट और तंबाकू लेने वालों को लगने वाला है झटका,GST में होगा इजाफा;रेडीमेड गारमेंट्स पर भी बदलेगी दरें

17 शांतिपूर्ण विरोध करें, लेकिन लोगों को असुविधा ना पहुंचाएं,किसान आंदोलन को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

18 त्रिपुरा में बांग्लादेशी पर्यटकों के लिए कोई कमरा और भोजन नहीं:होटल एसोसिएशन

19 बांग्लादेश में चिन्मय कृष्ण दास के वकील रमन रॉय पर हमला,ICU में भर्ती:इस्कॉन

20 PM मोदी का सुगम्य भारत अभियान... दिव्यांगजनों के रास्ते सुलभ बनाने से उन्हें सक्षम बनाने तक की मुहिम

21 ममता बोलीं:बांग्लादेश में यूनाइटेड नेशंस पीसकीपिंग फोर्स तैनात हो,पीएम मोदी हस्तक्षेप करें;त्रिपुरा में बांग्लादेशी असिस्टेंट हाई कमीशन में घुसपैठ

22 अवैध रूप से अमेरिका-कनाडा सीमा पार करने की कोशिश करने वालों में 22% भारतीय:रिपोर्ट

23 महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का नाम 4 दिसंबर को महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह की पूर्व संध्या पर किया जाएगा घोषित

24 बाइडन ने अपने बेटे को अवैध बंदूक और टैक्स धोखधड़ी मामलों में किया माफ

25 इस्राएली पीएम नेतन्याहू के खिलाफ जारी वॉरंट के बाद आईसीसी को सदस्य देशों से ही समर्थन नहीं मिल रहा है

26 दिल्ली-एनसीआर में 5 दिसंबर तक लागू रहेगी ग्रैप-4 की पाबंदियां,सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के एक्शन प्लान पर जताई चिंता

27 केंद्र सरकार ऐसी हरकतें रोके,मुसलमानों को समुद्र में नहीं फेंक सकते:फारूक अब्दुल्ला

28 आर्थिक फैसलों में राष्ट्रीय सुरक्षा का फिल्टर लगाने की जरूरत:जयशंकर

29 IND vs AUS: एडिलेड में बजता है जसप्रीत बुमराह का डंका,आंकड़े देख कांप जाएगा ऑस्ट्रेलिया,हेड ने पहले ही टेके घुटने

30 महाराष्ट्र चुनाव को लेकर CEC से मिलने चुनाव आयोग के दफ्तर पहुंचा कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल

31 आगरा में बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही,बिजली की लाइन बदलते समय टूटकर गिरा पोल

32 बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त तलब,अगरतला मामले में पूछताछ के लिए बुलाया

33 मुंबई में सीएम आवास वर्षा पहुंचे एकनाथ शिंदे,कई नेताओं संग करेंगे बैठक

34 मेडिकल चेकअप के बाद शिंदे मुंबई के लिए रवाना,शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों का लेंगे जायजा

35 असम:कांग्रेस नेताओं का प्रोटेस्ट,बांग्लादेश में हिंदुओं पर हमलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

36 IPC और CRPC का मकसद भारतीयों को गुलाम रखना था:PM नरेंद्र मोदी

37 बिहार:नीतीश कैबिनेट की बैठक में 33 एजेंडों पर लगी मुहर,लैंड सर्वे की समय सीमा बढ़ी

38 राहुल गांधी को संभल में नहीं मिलेगी एंट्री,नेता प्रतिपक्ष के प्रस्तावित दौरे पर मुरादाबाद कमिश्नर का बयान

39 महाराष्ट्र:5 दिसंबर को 2 डिप्टी CM सहित 3 नेता लेंगे शपथ

40 बिहार:पलटा गया केके पाठक का फैसला,नए कैलेंडर में स्कूलों के लिए कुल 72 दिनों की छुट्टी




# रिलीज से पहले ही पुष्पा 2 ने तोड़ा 52 साल का यह रिकॉर्ड

## ऐसा करने वाली पहली फिल्म बनी

पुष्पा 2: द रूल मुंबई के प्रतिष्ठित गेयटी-गैलेक्सी मल्टीप्लेक्स में सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म बनकर एक नया रिकॉर्ड स्थापित करने के लिए तैयार है। फिल्म के हर दिन कुल 18 शो होंगे। इस तरह अल्लू अर्जुन की यह फिल्म सिनेमा जगत में 52 साल के रिकॉर्ड को तोड़कर इतिहास रचने वाली है। फिल्म की एडवांस बुकिंग को पहले से ही शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है, सीटें तेजी से भर रही हैं। मुंबई में हाल ही में एक कार्यक्रम में, मुख्य अभिनेता अल्लू अर्जुन ने खुलासा किया कि फिल्म विश्व स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ 12,000 से अधिक स्क्रीन पर रिलीज होगी। अब यह गेयटी-गैलेक्सी के सभी छह स्क्रीनों पर प्रदर्शित होने वाली पहली फिल्म है, एक मल्टीप्लेक्स जो आमतौर पर केवल दो या तीन स्क्रीनों पर फिल्में दिखाता है। पुष्पा 2: द रूल छह सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी जिनमें गेयटी, गैलेक्सी, जेमिनी, गॉसिप, जेम और ग्लैमर शामिल हैं। अतीत में, अधिकांश फिल्में इनमें से केवल दो या तीन थिएटरों में दिखाई जाती थीं। 1000 सीटों वाली गेयटी में दोपहर 1:00 बजे, शाम 5:00 बजे और रात 9:00 बजे शो होंगे, जबकि 800 सीटों वाली गैलेक्सी में दोपहर 12:00 बजे, शाम 4:00 बजे और 8:00 बजे फिल्म दिखाई जाएगी। अन्य थिएटर भी दिन भर में अलग-अलग समय पर फिल्म की मेजबानी करेंगे।<प्रतिदिन 18 शो चलाने का निर्णय इस मल्टीप्लेक्स के लिए पहला है, जो फिल्म की भारी मांग और लोकप्रियता को उजागर करता है। शो की संख्या को सीमित करने वाले 200 मिनट के लंबे समय के बावजूद, फिल्म उत्साह बनाए रखने में कामयाब रही है। विशेष रूप से तेलुगु राज्यों तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में टिकट की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि को लेकर चिंताएं व्यक्त की गई हैं। पुष्पा 2: द रूल की उच्च मांग को मद्देनजर रखते हुए दोनों राज्य सरकारों ने टिकट की कीमत 600 रुपये प्रति व्यक्ति निर्धारित करते हुए बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। यह केवल रिलीज के पहले चार दिनों, 5 दिसंबर से 9 दिसंबर तक लागू होगा। यह इसे किसी तेलुगु फिल्म के लिए अब तक की सबसे ऊंची टिकट कीमतों में से एक बनाता है। मूल्य वृद्धि निर्माताओं को फिल्म की भारी चर्चा का लाभ उठाने में मदद करने के लिए एक विशेष भत्ते का हिस्सा है। सुकुमार द्वारा निर्देशित और अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल अभिनीत यह फिल्म 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

# अनुष्का सेन ने स्टाइलिश गाउन पहन इंटरनेट पर बरपाया कहर



## एक्ट्रेस की कातिलाना अदाएं देख हैरत में पड़े फैंस



टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन हमेशा अपने बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींचती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका हॉट लुक देखकर फैंस बेकाबू हो गए हैं। अनुष्का सेन आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उन्होंने बेहद ही कम उम्र में लोगों के बीच अपनी अच्छी खासी पहचान बना ली है। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्लैक कलर का बेहद ही स्टाइलिश गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बालों का बन बांधकर, लाइट मेकअप और गले में नेकलेस पहनकर एक्ट्रेस अनुष्का सेन ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अनुष्का सेन की इन फोटोज में आप देख सकते हैं वो अपने परफेक्ट कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किलर पोज दे रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस अनुष्का सेन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टा पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी फोटोज पर दिलखोलकर लाइक करते हैं। अनुष्का सेन जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक स्टाइल को फॉलो करते हैं। इंडियन हो या फिर वेस्टर्न एक्ट्रेस अपने हर अंदाज में कहर ढाती हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर द साबरमती रिपोर्ट ने लगाई लंबी छलांग, 15वें दिन कमाए इतने करोड़ रुपये



विक्रांत मैसी, रिद्धि डोगरा और राशि खन्ना जैसे सितारों की अदाकारी से सजी फिल्म द साबरमती रिपोर्ट को सिनेमाघरों में रिलीज हुए 15 दिन पूरे हो चुके हैं और यह पहले दिन से ही दर्शकों के बीच मजबूती से खड़ी हुई है।पिछले कुछ दिनों से फिल्म की दैनिक कमाई लाखों में सिमटी हुई थी, लेकिन 15वें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर लंबी छलांग लगाई है।आइए जानते हैं 15वें दिन द साबरमती रिपोर्ट की कितनी कमाई हुई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, द साबरमती रिपोर्ट ने अपनी रिलीज के 15वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को 2.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 24.15 करोड़ रुपये हो गया है।द साबरमती रिपोर्ट का निर्देशन रंजन चंदेल ने किया है, वहीं एकता कपूर इस फिल्म की निर्माता हैं।फिल्म की कहानी 2002 की गोधरा ट्रेन जलने की घटना पर आधारित है। फिल्म में विक्रांत की अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। द साबरमती रिपोर्ट गुजरात के गोधरा कांड पर आधारित है। 27 फरवरी, 2002 को साबरमती एक्सप्रेस अयोध्या से अहमदाबाद जा रही थी, जिसमें ज्यादातर हिंदू तीर्थयात्री सवार थे।इस ट्रेन के एक कोच में कुछ लोगों ने आग लगा दी थी और इस घटना में 59 लोगों की जान चली गई। इसके चलते पूरे गुजरात में सांप्रदायिक दंगे भड़क उठे थे।इस घटना और दंगों को हिंदी और अंग्रेजी मीडिया ने कैसे दिखाया, फिल्म इसी को दिखाती है।



# एक्ट्रेस से डायरेक्टर बनीं कैटरीना कैफ, हिला डालेगा डेब्यू प्रोजेक्ट का धांसू वीएफएक्स, फैंस एक्साइटेड

बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ को पिछली बार मैरी क्रिसमस में नजर आई थी. यह फिल्म इसी साल 12 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी. हालांकि यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं चली. लेकिन कैटरीना कैफ की अभिनय को काफी सराहा गया. वहीं, अब कैटरीना कैफ के नए प्रोजेक्ट को लेकर फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है. लेकिन खास बात ये है कि एक्ट्रेस इस बार डायरेक्टोरियल में डेब्यू करने जा रही हैं. सोशल मीडिया पर कैटरीना कैफ के अपकमिंग प्रोजेक्ट का एक टीजर वायरल हो रहा है. वायरल टीजर में दमदार वीएफएक्स का इस्तेमाल किया गया है. वायरल वीडियो की शुरुआत एक बर्फीले जगह से होती है, जहां कैटरीना तेज एयर बाइक चलाते हुए नजर आती हैं. इस दौरान कुछ ड्रोन की झलक दिखाई जाती है, जो एक्ट्रेस पर फायरिंग करती हैं. वीडियो के आखिरी में कैटरीना कैफ द्वारा निर्देशित लिखा हुआ आता है. फिलहाल ईटीवी भारत इस वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है. कुछ सोशल मीडिया यूजर्स ने इस वीडियो को शियोमी का विज्ञापन बता रहे हैं. एक एक्स (पूर्व में ट्विटर) यूजर ने यह वीडियो साझा करते हुए लिखा है, कैटरीना अपने आगामी शियोमी विज्ञापन में एक्शन अवतार में. एक अन्य यूजर ने लिखा है, मैं इसके लिए काफी एक्साइडेट हूं. कैटरीना जल्द ही शियोमी के लिए आ रही हैं. वायरल हो रहे इस वीडियो की पूरी झलक कब रिलीज होगी और इसका नाम क्या है, इस पर अभी तक कोई भी सामने नहीं आई है. वहीं, कैटरीना कैफ की ओर से भी इस पर कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है. बता दें कि एक्ट्रेस ने काफी समय से अपने अपकमिंग प्रोजेक्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है. अब देखना होगा कि एक्टिंग से सबका दिल जीतने वाली कैटरीना अब अपने डायरेक्टोरियल डेब्यू प्रोजेक्ट से कितना धमाल मचाती हैं.

# ज्योति पूर्वाज अभिनीत एक्शन थ्रिलर फिल्म किलर का मोशन आउट






कई हिट धारावाहिकों और फिल्मों में काम कर चुकीं नायिका ज्योति पूर्वाज सोशल मीडिया पर सनसनी बन गई हैं और पूरे भारत में दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। निर्देशक पूर्वाज, जिन्हें शुक्र, मातारानी मौनीदी और ए मास्टरपीस जैसी विविधतापूर्ण फिल्मों के लिए जाना जाता है, अपनी नवीनतम एक्शन थ्रिलर किलर के साथ धूम मचाने के लिए तैयार हैं। टीम ने किलर पार्ट 1: ड्रीम गर्ल के शीर्षक के साथ मोशन पोस्टर का अनावरण किया। मोशन पोस्टर में एक शक्तिशाली महिला, एक बंदूक और शतरंज के मोहरों को दिखाया गया है, जो एक मजबूत प्रभाव छोड़ते हैं। थिंक सिनेमा और मर्ज एक्सआर के बैनर तले पूर्वाज और प्रजय कामत द्वारा निर्मित, यह फिल्म उनके दूसरे सहयोग को दर्शाती है। पूर्वाज किलर में भी एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। फिल्म के बारे में अधिक जानकारी जल्द ही सामने आएगी। अतिरिक्त मुख्य कलाकारों की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।